हरिभूमि
संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शुक्रवार, 13 दिसंबर, 2024



# मंडल अध्यक्ष के लिए तीन नामों का पैनल तैयार कर भेजेंगे, अगले सप्ताह नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय जनता पार्टी अपना संगठन चुनाव शुरू कर चुकी है। पहले चरण के तहत बूथों में अध्यक्ष का चयन किया जा रहा है। इसके बाद अब मंडल अध्यक्षों के लिए भी कवायद शुरू कर दी गई है। पिछले दिनों प्रभारी मंत्री की अध्यक्षता में आहूत कोर ग्रुप की बैठक में यह तय किया गया है कि जिले के सभी मंडल के लिए तीन नामों का पैनल तैयार कर जिला भाजपा सूची प्रदेश संगठन को भेजेगी। सूची पर विचार के बाद अगले सप्ताह तक नियुक्ति भी कर दी जाएगी। इसके बाद जिला अध्यक्ष की बारी आएगी। इसके लिए भी तीन नामों का पैनल तैयार किया जाएगा।

मिली जानकारी के अनुसार बूथ अध्यक्ष से लेकर मंडल एवं जिला अध्यक्ष के पदों पर महिलाओं को भी अहम हिस्सा दिया जाएगा। बताया गया कि 33 फीसदी महिला आरक्षण का नियम बनाने वाली भाजपा अपने संगठन में भी महिलाओं की भूमिका बढ़ाने पर जोर दे रही है। इसके अलावा सभी महत्वपूर्ण पदों के लिए उम्र की सीमा भी तय कर दी गई है। वहीं सभी जिला संगठन को उम्र के तय दायरे को भी सख्त रूप से मानकर पैनल तैयार करने कहा गया है।

उल्लेखनीय है कि भाजपा ने देशभर में सितंबर महीने से नए सिरे से अपना सदस्यता अभियान शुरू कर दिया था। सभी प्रदेश, जिला एवं मंडल को सदस्य बनाने का टारगेट दिया गया था। नवंबर महीने तक चले सदस्यता अभियान के बाद अब संगठन को नए सिरे से बनाने का काम भी शुरू हो गया है। बूथ अध्यक्ष के चुनाव के साथ ही संगठन को नया रूप दिया जा रहा है। इस माह अंत तक मंडल अध्यक्ष एवं जिला अध्यक्षों की भी नियुक्ति कर दी जाएगी।

## जिला स्तर पर नामों का पैनल तैयार, महिलाओं को भी दिया जाएगा बराबर मौका

### इन नामों पर विचार

भाजपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शहर के प्रमुख उत्तर एवं दक्षिण मंडल के लिए तीन से चार नामों पर विचार किया जा रहा है। इनमें दक्षिण मंडल में आलोक श्रोती, गोलू सूर्यवंशी, गोलू गुप्ता एवं आकाश चोपड़ा का नाम शामिल है। वहीं उत्तर मंडल में सुमित भाटिया, ऋषिदेव चौधरी, नरेंद्र हंसा एवं हर्ष रामटेके का नाम शामिल है। इसके अलावा भी सभी मंडल में तीन से चार नाम को शार्ट लिस्ट कर लिया गया है।

### खास बातें

- 45 साल से कम उम्र वाले नेताओं को ही मिलेगा पद
- दावेदारों ने शुरू की पद के लिए लॉबिंग, जल्द होगा फैसला




### सभी पद के लिए उम्र सीमा तय

ज्ञात हो कि भाजपा ने इस बार संगठन चुनाव के लिए सभी महत्वपूर्ण पद को लेकर उम्र की सीमा तय कर दी है। जिला अध्यक्ष के लिए अधिकतम 60 वर्ष, मंडल अध्यक्ष के लिए अधिकतम 45 वर्ष एवं युवा मोर्चा अध्यक्ष के लिए 32 साल की उम्र सीमा तय की गई है। हालांकि कार्यकारिणी को लेकर ऐसी कोई बंदिशे नहीं रखी गई है। ऐसे में अन्य पदों पर संगठन अपने मनमुताबिक उम्र के लोगों को पद दे सकेगा।

## खबर संक्षेप

### महाराष्ट्र से अवैध धान परिवहन, 407 बोरी जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

समर्थन मूल्य में धान खरीदी के बीच अन्य प्रदेश तथा जिले के भीतर कोचियों का धान धरपकड़ के बीच पुलिस अधीक्षक वायपी सिंह के निर्देशन में अवैध रूप से धान परिवहन करते महाराष्ट्र से धमतरी जा रहे ट्रक को मानपुर विकासखंड के कोहका थाना क्षेत्र में जब्त किया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वाहन क्रमांक सीजी-08-एएफ-3322 में 407 कट्टा मात्रा 288.40 क्विंटल धान कीमती 8,21,940 रुपए को जब्त कर फूड इंस्पेक्टर को अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपुर्द किया गया।संपूर्ण कार्रवाई में थाना प्रभारी उप निरीक्षक संजय मेरावी, सउनि कार्तिक चंद्रवंशी, सउनि मायाराम नेताम, प्रधान आरक्षक परमेश्वर यादव, आरक्षक तामेश्वर ठाकुर की विशेष भूमिका रही।

## 90% उपार्जन केंद्र बफर लिमिट से पार, धान रखने की जगह नहीं

# संग्रहण केंद्र भी हाउसफुल, उठाव प्रभावित..थमेगी धान की खरीदी!

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश सरकार से मांग पूरी नहीं होने के बाद एक बार फिर राइस मिलर्स ने अपनी हड़ताल शुरू कर दी है। राइस मिलर्स की अनिश्चितकालीन हड़ताल का सीधा असर धान खरीदी में होता नजर आ रहा है। मिलर्स द्वारा धान नहीं उठाने से परिवहन व्यवस्था ही पटरी से उतर गई है। जिसके चलते उपार्जन केंद्रों से धान जाम हो गया है।

हालत यह है कि अविभाजित राजनांदगांव जिले के 90 फीसदी उपार्जन केंद्रों में बफर लिमिट से दोगुना धान जाम पड़ा हुआ है। इधर समिति प्रबंधकों ने साफ तौर पर कह दिया है कि यदि शनिवार से पहले तक उठाव को लेकर कोई निराकरण प्रदेश स्तर पर नहीं होता है तो सोमवार से अधिकांश केंद्रों में खरीदी नहीं हो पाएगी।

हालांकि प्रशासन अब भी दावा कर रहा है कि धान खरीदी में कोई असर नहीं दिखेगा और लगातार किसानों से धान की खरीदी की जाएगी।



**संग्रहण केंद्र में भी जगह नहीं:** मिलर्स द्वारा उठाव नहीं करने पर प्रशासन ने अपने स्तर पर उठाव शुरू कराया था। धान को चार संग्रहण केंद्रों में भेजा जा रहा था, लेकिन अब महीनेभर में ही संग्रहण केंद्रों में भी जाम की स्थिति निर्मित हो गई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार राजनांदगांव जिले के चारों संग्रहण केंद्रों में अब धान रखने के लिए बहुत अधिक स्थान नहीं शेष रह गया है।

तीन जिलों में 48 लाख क्विंटल जाम : गुरुवार तक अविभाजित जिले में लगभग 48 लाख क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। राजनांदगांव जिले में 29.38 लाख क्विंटल खरीदी और 2.21 लाख क्विंटल उठाव हुआ है। मोहला-मानपुर जिले में 8.80 लाख क्विंटल खरीदी एवं 46 हजार क्विंटल उठाव हुआ है। खैरागढ़ जिले में 16.55 लाख क्विंटल खरीदी एवं 2.06 लाख क्विंटल धान ही उठाया जा सका है।

### राइस मिलर्स की यह मांगे

राइस मिलर्स द्वारा बकाया भुगतान , एसएलसी दर से परिवहन भुगतान एवं अन्य मांगे पूरी नहीं होने पर इस माह की 20 तारीख तक कस्टम मिलिंग कार्य में असहयोग करने का निर्णय लिया है। मिलर्स को वर्ष 2024-25 की प्रोत्साहन राशि 80 रुपए क्विंटल करने, मिलर्स को वर्ष 2023-24 के प्रोत्साहन की एक किस्त का भुगतान करने के साथ ही पेनाल्टी विषय पर निर्णय लिए गए । मिलर्स वर्ष 2022-23 के प्रोत्साहन की एक किस्त चाहते हैं। जबकि कैबिनेट ने वर्ष 2023-24 के भुगतान पर मुहर लगा दी। साथ ही एसएलसी की दर से भुगतान का विषय कैबिनेट में नहीं रखा गया। इन दो बड़ी मांगों पर पूर्व में राज्य सरकार के साथ चर्चा में सहमति के उपरांत भी मांगें पूर्ण नहीं होने पर मिलर्स का धैर्य टूट गया।

### आज बैठक करेंगे समिति प्रबंधक, सोमवार से रूकेगी खरीदी

जिला समिति प्रबंधकों के अध्यक्ष किशुन देवांगन ने बताया कि मौजूदा स्थिति को ध्यान में रखते हुए उन्होंने आज सभी 96 केंद्रों के प्रबंधको की एक बैठक बुलाई है। इस बैठक में केंद्रवार स्थिति पर चर्चा की जाएगी एवं धान खरीदी को लेकर निर्णय भी लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी केंद्रों से उठाव की सुस्त गति के खिलाफ नाराजगी सामने आ रही है। हो सकता है कि अधिकांश केंद्रों में सोमवार से धान खरीदी ठप भी हो जाए। उन्होंने बताया कि संघ द्वारा प्रशासन से लगातार उठाव में तेजी लाने की मांग की जा रही है, लेकिन इसका कोई असर जमीनी स्तर पर नहीं दिख रहा है।

# नियमितीकरण की मांग कर्मियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी एक सूत्रीय नियमितीकरण की मांग को लेकर छात्रावास, आश्रमों में कार्यरत लघु वेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारियों द्वारा कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस दौरान एक ज्ञापन के माध्यम से नियमितीकरण के लिए बनाई गई समिति से शीघ्र कार्रवाई की मांग की गई है।



कलेक्टर कार्यालय के सामने फ्लाई ओवर के नीचे धरना प्रदर्शन करने छत्तीसगढ़ लघु वेतन शासकीय चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के बैनर तले बैठे कर्मचारियों ने अपनी मांगे पूरी करने को लेकर नारेबाजी की और नियमितीकरण जिला समिति के अध्यक्ष अपर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा। लघु वेतन चतुर्थ वर्ग कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र यादव ने अपने प्रदर्शन के दौरान कहा कि विभागीय छात्रावासों और आश्रमों में चतुर्थ श्रेणी के स्वीकृत पदों के विरुद्ध दैनिक वेतनभोगी कलेक्टर दर कार्यरत कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए 4 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। समिति गठन हुए लगभग दो माह हो रहे हैं। इसके बाद भी नियमितीकरण की प्रक्रिया शुरू नहीं की गई है। उन्होंने कमेटी की बैठक कार्रवाई से अवगत कराते नियमितीकरण की कार्रवाई जल्द शुरू कर आदेश प्रसारित किए जाने की मांग की है।

### अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति

छात्रावास आश्रमों में चतुर्थ श्रेणी के स्वीकृत पदों के विरुद्ध दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए विभिन्न कर्मचारी संगठनों की मांग पर जिला स्तरीय नियमितीकरण की प्रक्रिया हेतु अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। बीते 16 अक्टूबर को गठित की गई इस समिति में जिला शिक्षा अधिकारी और जिला कोषालय अधिकारी को सदस्य, वहीं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को सदस्य सचिव बनाया गया है। आंदोलनरत कर्मचारियों ने कहा कि समिति का गठन होने के बाद भी नियमितीकरण को लेकर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने समिति से इस दिशा में शीघ्र कार्रवाई की मांग की है।

# गांव की राशन दुकान स्थानीय महिला समूह को देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

ग्राम देवकट्टा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान की दुकान गांव के ही महिला समूह को आबंटन करने की मांग लेकर समूह की महिलाएं कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची और ज्ञापन के माध्यम से राशन दुकान आबंटित करने की मांग की।

कलेक्टोरेट कार्यालय पहुंची मोंगरा स्वयं सहायता समूह की नेहा सेन और अन्य महिलाओं ने कहा कि डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम देवकट्टा में संचालित शासकीय उचित मूल्य की दुकान बीते 1 जुलाई से गांव के बाहर डोंगरगढ़ की एक समूह द्वारा संचालित किया जा रहा है। पूर्व में भी तीन बार ज्ञापन देकर मोंगरा स्व सहायता समूह को आबंटन के लिए निवेदन किया जा चुका है। ज्ञापन सौंपने पहुंची महिलाओं ने अपने ज्ञापन में कहा है कि दुकान



आबंटन हेतु अनुविभागिय अधिकारी एवं खाद्य अधिकारी डोंगरगढ़ के समक्ष आवेदन किया गया था, जिस पर खाद्य अधिकारी द्वारा तत्कालिक व्यवस्था हेतु बाहर के समूह को आबंटन किया जाना बताया गया था। वहीं 90 दिवस की कार्य अवधि पूर्ण होने पर दुकान आबंटन हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया जाना कहा गया था। आज 6 माह बाद भी उक्त दुकान के आबंटन हेतु विज्ञापन प्रकाशन कर आवेदन नहीं मंगाया गया है।

⏩ शेष पेज 16 पर

# शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म दो माह बाद आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शादी का प्रलोभन देकर कुकर्म करने के मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पीड़िता ने थाना पलारी जिला बलौदाबाजार में 15 अक्टूबर को लिखित आवेदन पेश कर रिपोर्ट दर्ज कराया था कि अपने घर वालों के साथ पुन्नी मेला देखने गई थी, जहां पर नरेन्द्र कुमार साहू से मुलाकात हुआ, जो मोबाइल नंबर लेकर उससे बातचीत करता था एवं तुमसे प्यार करता हूं बोलकर डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव ले जाकर शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाया है। रिपोर्ट पर थाना पलारी जिला बलौदाबाजार में धारा- 64(2)(ड) बीएनएस कायम कर प्राथमिक कार्रवाई कर असल मूल घटना थाना डोंगरगढ़ क्षेत्र होने से प्रकरण की डायरी थाना डोंगरगढ़ को अग्रिम विवेचना कार्रवाई हेतु प्राप्त होने पर थाना डोंगरगढ़ में असल अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपी जो घटना कारित कर फरार हो गया था, जो लगातार अपना सकुनत बदल-बदल कर रह रहा था, जिसे पता तलाश कर आरोपी को हिरासत में लेकर मेमारंडम कथन लिया गया, जो प्रार्थिया के बताए अनुसार घटना दिनांक व समय को जुर्म करना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी नरेन्द्र साहू 21 साल साकिन समोंदा थाना आरंग जिला रायपुर को कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी को ज्यु. रिमाण्ड पर जेल निरूद्ध किया गया है।

# महाराष्ट्र की शराब लाकर बिक्री, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

महाराष्ट्र के अकोला से अवैध रूप से शराब लाकर बिक्री करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से शराब बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों एवं अवैध शराब बिक्री के विरूद्व अभियान चलाया जा रहा था। जिसके तहत 11 दिसंबर क मुखबीर की सूचना पर घेराबंदी कर घटनास्थल राजनांदगांव रेलवे स्टेशन रोड़ धनवंतरी मेडिकल के सामने आटो स्टैंड राजनांदगांव के पास आरोपी बलराम बिसोई 45 वर्ष साकिन दल्लीराजहरा वार्ड नं. 21 रेलवे कॉलोनी थाना दल्लीराजहरा जिला बालोद को पकड़ा। शराब को मौके पर जब्त कर आरोपी के खिलाफ धारा 34 (2) आबकारी एक्ट कायम कर आरोपी को गिरफ्तार कर हिरासत में लिया गया, जिसे 12 दिसंबर को न्यायिक रिमांड पर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर जिला जेल राजनांदगांव में दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक संजय बरेठ, उप निरीक्षक राधेश्याम जूर्री, उप निरीक्षक विरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक मिलन साहू, संदीप चौहान, आरक्षक रंजीत चौरसिया, कुश बघेल, भवानी थनापति एवं थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।



### विभिन्न प्रकार के शराब बरामद

आरोपी की तलाशी लेने पर बैग एवं थैला के अंदर 2 बाटल रायल स्टेज बैरल सलेक्ट 2 लीटर वाला, 2 बाटल रायल स्टेज 2 लीटर वाला, 12 बाटल रायल स्टेज प्रत्येक 750 एमएल, 1 बाटल कोरियर नेपोलियन 750 एमएल, 1 पौवा आईकोनिक वाईट 180 एमएल अंग्रेजी शराब कीमती 19670 रुपए एवं नगदी रकम 4600 रुपए मिला। पूछताछ पर कोई वैध कागजात नहीं होना एवं शराब को अकोला (महाराष्ट्र) राज्य के विभिन्न शराब भट्ठी से खरीदकर बिक्री करने के लिए लाना बताया।

## ठेकेदार के चंगुल से छूटने पर जताया पुलिस और जिला प्रशासन का आभार

# खुशहाली की चाह में पहुंचे महाराष्ट्र, बन गए बंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम विचारपुर निवासी 36 महिला-पुरूष ग्रामीण खुशहाली की तलाश में महाराष्ट्र परदेश पहुंचे हुए थे, जहां संबंधित ठेकेदार ने उन्हें बंधक बना लिया। मामला सामने आने के बाद जिला कलेक्टर तुलिका प्रजापति एवं पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह ने त्वरित कार्रवाई करते महाराष्ट्र बंधक बनाए गए सभी महिला-पुरूष ग्रामीणों को छुड़वाते हुए उनके गांव तक पहुंचवाया। अपहृत ग्रामीण आज जिला मुख्यालय मोहला पहुंचकर कलेक्टर- एसपी से मुलाकात करते पुलिस व जिला प्रशासन को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

उल्लेखनीय है कि अंबागढ़ चौकी विकासखंड के ग्राम विचारपुर निवासी 29 महिला तथा 7 पुरूषों को धाराशिव जिला के तुलजापुर थाना अंतर्गत गुलहल्ली गांव में ठेकेदार द्वारा बंधक बनाते जबर्दस्ती रोककर काम कराया जा रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि महाराष्ट्र नांदेड़ के ठेकेदार द्वारा उन्हें मिर्ची तोड़ने के नाम से दिहाड़ी पर महाराष्ट्र नांदेड़ ले जाया गया था, लेकिन ठेकेदार



ने मिर्ची तोड़ने का काम न करवाकर गन्ना कटाई के काम में जबर्दस्ती लगाया, जब ग्रामीणों ने विरोध किया तो उनके इच्छा के विरूद्ध ठेकेदार कार्य करवाते रहा और ठेकेदार ने किसी भी प्रकार का उन्हें मजदूरी का भुगतान नहीं किया। मीडिया कर्मियों के हवाले से मामला सामने आने के बाद कलेक्टर तुलिका प्रजापति, एसपी यशपाल सिंह, महाराष्ट्र के धाराशिव जिले के पुलिस अधीक्षक संजय जाधव, मोहला-मानपुर एएसपी ताजेश्वर दीवान, एएसपी डीसी पटेल की अहम भूमिका में 11 दिसंबर को बंधक बनाए गए सभी ग्रामीण सकुशल अपने गांव विचारपुर पहुंच गए हैं।

### मजदूरों ने जताया आभार

महाराष्ट्र में बंधक बनाए गए 27 महिला व 7 पुरूष बुधवार को अपने गांव पहुंचने के बाद आज जिला मुख्यालय मोहला पहुंचे, जहां कलेक्टर तुलिका प्रजापति तथा पुलिस कप्तान यशपाल सिंह से संयुक्त मुलाकात करते पुलिस व जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित करते मजदूरों ने कहा अच्छे की चाह में परदेश गए थे, वहां फंस गए, बचा लिए साहब।

### कार्रवाई के लिए जांच शुरू

ग्रामीणों के साथ भेंट-मुलाकात करते कलेक्टर एवं एसपी द्वारा ग्रामीणों को ठेकेदार के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई एवं मजदूरी का भुगतान किए जाने का आश्वासन दिया गया है। ठेकेदार के विरूद्ध पुलिस ने नोटिस भी जारी की है। इसके साथ ही कलेक्टर और एसपी ने आम जनता से अपील किया है कि अन्य राज्यों में नौकरी-मजदूरी के लिए जाते समय अपने गांव के कोटवार व थाना प्रभारी को अवश्य सूचित करें।

### कई मजदूरों का शव भी नहीं आ पाया गांव

इस अनुसूचित जनजाति मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले से बड़ी तादाद में महिला-पुरूष ग्रामीण खुशहाली की तलाश में अन्य प्रदेश की ओर पलायन करते आ रहे हैं। इसी बीच कई घटनाओं में ग्रामीणों की मजदूरी के दौरान यहां से सैकड़ों किलोमीटर दूर राज्यों में मौत हो चुकी है। मृतकों तक अंतिम संस्कार के लिए न गरीब परिवार पहुंच पाया और न शव गांव पहुंच पाया।

संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
डॉ. किशोर सांगोड़े
MBBS, MD (Internal Medicine)
- ब्लड प्रेशर
- शुगर
- थायराइड
- बुखार
- खांसी
- छाती रोग
- पेट रोग
- किडनी
- लकवा
- माइग्रेन
- श्वास तथा हृदय संबंधित समस्या
- नसों से संबंधित बीमारियों के विशेषज्ञ
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### नंदू बने सेवा समिति के अध्यक्ष



**कल्लूबंजारी।** आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ब्लाक इकाई छुरिया-डोंगरगढ़ के अध्यक्ष दिनेश कुरेटी की उपस्थिति में मां दंतेवाड़िन समाज सेवा समिति का गठन किया गया। समिति में अध्यक्ष डोंगरगढ़ के नंदू टेकाम को बनाया गया है। सामाजिक गतिविधियों के संचालन के लिए भवन की जरूरत को देखते हुए चिन्हित भूखंड को कोयतुर गोंड़ समाज को प्रदान करने ब्लाक अध्यक्ष के नेतृत्व में नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। समाज के प्रतिनिधि मंडल ने विधायक से मुलाकात कर भवन के लिए राशि स्वीकृत कराने का निवेदन किया। बैठक में जनाराम काटेंगी, दुखूराम हुर्रे, गिरधारी गोटे, शंकर मंडावी, एवन आचले, रामसिंह, गिरधारी गोटे, गणीराम मंडावी, दिलीप सलामे, संजय कड़ियाम आदि शामिल हुए।

### विद्यार्थियों को किया जागरूक



**बांधाबाजार।** मोहला ब्लाक के आलकन्हार स्कूल में विद्यार्थी जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को उनके अधिकार के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। छात्रों को साइबर क्राईम, यातायात सुरक्षा, पास्को एक्ट, गुड टच,बेड टच, बाल श्रम, मानव तसकरी के बारे में बताया गया। कुछ गलत होने पर माता पिता या क़रीबी को जानकारी देने कहा गया। टीआई श्री टोप्पो ने यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, ठगी की जानकारी र 1930 पर काल कर देने कहा। कार्यक्रम में प्राथमिक, माध्यमिक, हाईस्कूल, हायर सेकंडरी स्कूल अलकन्हार, चापाटोला, मरारटोला के बच्चे, प्राचार्य गौरीशंकर साहू, पीएल देशमुख, जितेंद्र पटेल, हीरालाल आर्य, विनोद सिन्हा, महेश रावटे आदि शामिल हुए।

### मानवाधिकार पर संगोष्ठी



**डोंगरगढ़।** नेहरू महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ ईव्ही रेवती के निर्देशन एवं राजनीतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. प्रदीप जाम्बुलकर, अनिमा मिंज के नेतृत्व में मानवाधिकार दिवस मनाया गया। विभागाध्यक्ष ने मानवाधिकार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव अधिकार दिवस का थीम हमारे अधिकार-हमारा भविष्य है। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. आशा चौधरी ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जन्म से अधिकार प्राप्त होते है। मानव अधिकार सभी मनुष्य के लिए निहित अधिकार है। संचालन एवं आभार प्रदर्शन अनिमा मिंज ने किया।

### उपजेल में सरकार गठन पर विविध आयोजन

**डोंगरगढ़।** विष्णु देव साय सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर के जेल विभाग ने सफाई अभियान, श्रमदान एवं संगोष्ठी आयोजित करने निर्देश दिए हैं। स्थानीय उप जेल में 9 से 20 दिसम्बर तक विभिन्न गतिविधियों का आयोजन रखा गया है। गत 9 दिसंबर को पाकशाला सफाई, 10 को स्नानागार एवं शौचालय सफाई, 11 को बैठक एवं प्रांगण की सफाई किया गया। इसी क्रम में कल 13 दिसंबर को कचरा प्रबंधन पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। आगामी 14 दिसम्बर को दीवारों की सफाई एवं चित्रकारी, 15 को जेल कालोनी की सफाई, 16 को ध्यान, 17 को स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम, 18 को स्वच्छता पर लेख, 19 को पौधरोपण एवं बैरक क्रिकेट, 20 को सफाई हेतु सजग बंदियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

### शिशु मंदिर में बच्चों को प्रायोगिक प्रशिक्षण




**डोंगरगांव।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विद्यार्थियों को संकाय अनुसार शिक्षा प्रदान करने के साथ प्रायोगिक कार्य की व्यवस्था की गई है। कृषि विभाग प्रमुख आचार्य अनमोल पगारे के मार्गदर्शन में कृषि संकाय के छात्र विद्यालय परिसर में विभिन्न फसलों के रोपण, फलों और सब्जियों से निर्मित होने वाले परिरक्षित उत्पादों की निर्माण विधि की शिक्षा हासिल कर रहे हैं। कृषि संकाय के छात्रों को अध्ययन के साथ प्रायोगिक ज्ञान मिल रहा हैं। कृषि संकाय के छात्रों ने गत दिनों टूटी- फ्रूटी, टोमेटो केचप, रबड़ी, स्क्वैश आदि बनाने के बारे में जानकारी हासिल किया। जिसमें कृषि संकाय की केसर, रागिनी, श्रद्धा, साक्षी, दिव्या, हेमलता, निशा, प्राची, इंदु, दुर्गेश, दीपांशु, साकेत, रोहित, प्रीतम, महावीर, गौरव, नमन, दिव्यांश, अंश, भावेश, तनिष्क आदि शामिल हुए। विभागीय दीदी हेमा साहू, राजेश्वरी देशमुख ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। यह जानकारी आचार्य केशव पटेल ने दी।

### डिप्टी सीएम ने किया भूमिपूजन



**डोंगरगांव।** ग्राम बड़गांव चारभांठा में गत दिनों उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने करोड़ो के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। इस मौके पर जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला पंचायत सदस्य जागृति चुन्नी यदु, रामकुमार गुप्ता, निरेन्द्र साहू आदि मौजूद थे।

## निधन



### मदन अग्रवाल

**चिचोला।** ग्राम के मदन अग्रवाल का बुधवार को निधन हो गया। वह कुछ दिनों से अस्वस्थ थे। उनका अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। श्री अग्रवाल के निधन पर ग्रामीणों ने शोक व्यक्त किया है।




### कोमलसिंह चन्द्रवंशी

**कलकसा।** डोंगरगढ़ के गुरूदेव बिल्डर्स के कोमलसिंह चन्द्रवंशी का 84 साल की आयु में बुधवार को निधन हो गया। वह दूरदर्शन में पदस्थ तकनीशियन नितेंद्र चंद्रवंशी के पिता थे। स्व.चन्द्रवंशी अपने जीवनकाल में समाजसेवा में निरंतर लगे रहे। उनका अंतिम संस्कार रेंगाकटेरा गुण्डरदेही में किया गया।

## संगठन ने दावेदारों से लिया आवेदन

# मंडल भाजपा अध्यक्ष बनने के लिए 17 के नाम आए सामने





हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

मंडल भाजपा अध्यक्षों का कार्यकाल पूर्ण होने के बाद नए अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बुधवार को तीनों मंडल में राय शुमारी करने एवं आवेदन लेने बैठक का आयोजन किया गया था। बैठक में गंडई मंडल के चुनाव के लिए निजाम मंडावी, नर्मदा मंडल में वीरेंद्र जैन एवं साल्हेवारा मंडल में अनिल अग्रवाल को चुनाव सह अधिकारी बनाया गया। नवगठित नर्मदा मंडल में अध्यक्ष बनाया जाना है। तीनो मंडल की बैठक में अध्यक्ष पद के दावेदारों ने अपना आवेदन चुनाव सह अधिकारियों को सौंपा। सभी आवेदन पर विचार करते हुए जिला चुनाव सह अधिकारी टीके चंदेल को सौंप दिया गया है।

## चुनाव प्रक्रिया शुरू, 15 तक घोषणा की संभावना

### अध्यक्ष के लिए 17 ने की दावेदारी

जानकारी के अनुसार गंडई, नर्मदा एवं साल्हेवारा मंडल अध्यक्ष के लिए 17 लोगों ने आवेदन चुनाव सह प्रभारियों को सौंपा है। गंडई मंडल के लिए राकेश ठाकुर, टुम्मन साहू, दूजेराम वर्मा, रजेलाल पटेल, नर्मदा मंडल अध्यक्ष के लिए प्रकाश जंघेल, संतन साहू, आनंद पटेल, अशोक जंघेल, सुधीर गोलछा, दुर्गेश जंघेल, साल्हेवारा मंडल के लिए ललित सोनी, संतोष नामदेव, होमलाल साहू, मनोज अग्रवाल, शत्रुघन साहू, महेन्द्र यादव, संतोष ठाकुर ने आवेदन दिया है।

### 15 तक अध्यक्ष का चयन

प्राप्त होने वाले आवेदनों पर रायशुमारी करने टीके चंदेल, अनिल अग्रवाल, वीरेंद्र जैन, पराशर ठाकरे, राजेश मेहता, कोमल जंघेल, खम्हन ताम्रकर, राकेश ठाकुर, महेंद्र यादव, ललित सोनी, गोपाल साहू, राकेश ताम्रकर, टेकन देवांगन, देवलाल ठाकुर, संतोष ठाकुर, विक्की अग्रवाल, पुष्पेंद्र देवांगन, राकेश जायसवाल, मन्नू मरकाम, शत्रुघ्न साहू, विकेश गुप्ता सहित अन्य लोग अलग अलग मंडल में उपस्थित थे। जानकारी अनुसार आगामी 15 दिसम्बर तक नए मंडल अध्यक्षो की घोषणा हो जाएगी।

### अध्यक्ष बनने की 8 ने जताई इच्छा

**छुरिया।** जिला भाजपा के निर्देशन में मंडल अध्यक्ष के लिए आवेदन लिए गए। इस पद के लिए आठ ने आवेदन दिया है। इस प्रक्रिया के लिए जिला भाजपा ने मूलचंद लोधी को चुनाव प्रभारी, संजय कुमार सिन्हा को सहप्रभारी नियुक्त किया था। इस दौरान रविंद्र वैष्णव, चंद्रिका डडसेना, सुरेंदर भाटिया, किरण वैष्णव, सीमा सिन्हा, अजय पटेल, राधेश्याम शर्मा, जगजीत भाटिया, राजेश्वर ध्रुवे, शेखर भरतद्वाज सहित अन्य मौजूद थे। चुनाव प्रभारी श्री लोधी ने बूथ अध्यक्षों एवं कार्यकर्ताओं से एक एक कर चर्चा किया। जिन लोगों ने अध्यक्ष बनने के लिए आवेदन दिया है उसमें कांता प्रसाद साहू, कुंदन बडोले, हितेश गुप्ता, खिलेंद्र साहू, मनोज साहू, श्यामसुंदर साहू, धनेश्वर कोर्राम, टीकम साहू शामिल हैं। कोर कमेटी के सदस्यों ने रायशुमारी कर प्रस्ताव जिला भाजपा को प्रेषित किया है।



## धान खरीदी के बीच आंदोलन पर गए कम्प्यूटर आपरेटर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

धान उपार्जन केन्द्रों में पररेशानी कम होने का नाम नहीं ले रही है। अब तक केन्द्र परिवहन एवं जाम की समस्या से जूझ रहे थे किन्तु गुरूवार को सभी केन्द्रों के कम्प्यूटर आपरेटर अपना काम छोड़ कर आंदोलन पर चले गए हैं। आपरेटरों के हड़ताल पर जाने के पहले दिन धान खरीदी पर गहरा असर देखने मिला। गुरूवार की सुबह टोकन प्राप्त किसान धान लेकर केन्द्र पहुंचे किन्तु आपरेटर के नहीं रहने से आनलाईन एंट्री कराने में काफी परेशानी हुई। कुछ केन्द्र में कर्मचारियों की कमी देखने मिला। केन्द्रों में धान तौल बिक्री के बाद भी किसान आनलाईन एंट्री कराने शाम तक रुके रहे।आपरेटरों के आंदोलन पर जाने से फसल बीमा कार्य भी प्रभावित होने की आशंका है।



### छात्रों ने किया कृषि शैक्षिक भ्रमण

**कुमर्दा।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गैंदाटोला में व्यवसायिक शिक्षाके अंतर्गत संचालित कृषि के छात्रों ने शासकीय रोपणी केकतीटोला का शैक्षिक भ्रमण किया। छात्रों ने मीता भुआर्य, तिलोक साहू और कुलेश्वर यादव के मार्गदर्शन में नर्सरी का भ्रमण करते हुए कटिंग, बडिंग, ग्राफ्टिग सहित आम, अमरूद और नींबू के विभिन्न किस्मों की जानकारी हासिल किया। ग्रीन हाउस में वातावरण को नियंत्रित करके पौध तैयार करने के बारे में भी जानकारी लिया गया। इस दौरान व्याख्याता बीजे देवांगन, यू मेश्राम, टीआर यदु, अखिलेश खरे और हलधर चंद्रवंशी मौजूद थे।


# कचरा ट्राय साइकिल खरीदी में खेल शुरू

- शासन के आदेश का पालन नहीं, सीधे खरीदी की तैयारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

ब्लाक की सौ पंचायतों में कचरा संग्रहण हेतु नियमविरूद्ध ट्राई सायकल खरीदने की तैयारी कर लिया गया। खरीदी के लिए पंचायत की बैठक कर प्रस्ताव भी नहीं लिया गया। अधिकारियों से सांठगांठ कर खरीदी करने की तैयारी है।

जानकारी के अनुसार अधिकारियों के दबाव में कुछ जनप्रतिनिधि कमीशन के लालच में सीधे कंपनी से खरीदी करने की तैयारी में लगे हैं। कचरा ट्राईसायकल की कीमत 43 हजार 500 है। कई पंचायतों ने ट्राय सायकल खरीदने का आदेश जारी किया है जबकि भंडार क्रय नियम के अनुसार सामाग्री की खरीदी अधिसूचना की शर्तों के आधार पर करना है। रीदने के आदेष भी जारी हुए है। डोंगरगढ़ में जेम पोर्टल के माध्यम से उक्त राशि से कलेक्टर के अनुमोदन के बाद ट्रायसायकल खरीदने का उल्लेख है जबकि अधिकारियों के दबाव बाद स्थानीय अधिकारी निर्धारित राशि के बाद इसे टेण्डर प्रक्रिय से खरीदने की बात कह रहे है। उन्होंने बताया कि जेम पोर्टल के निर्देश की टेनिंग के बाद इससे खरीदने की प्रक्रिया की जाएगी।




### सीधी खरीदी की तैयारी

जनपद के कुछ जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया है कि नियमों को किनारे कर पंचायतों को सीधे ट्रायसायकल देने की तैयारी हो चुकी है। बताया जा रहा है कि डोंगरगढ़ विकासखंड की 110 पंचायतों में से 108 पंचायतों में खरीदी जाने वाली ट्रायसायकल खरीदी में गडबड़ी करने का खुलासा होने के बाद अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। विरोध शुरू होने के पहले इसे दबाने की कयावद शुरू हो चुकी है।

### नियमतः होगी खरीदी

सीईओ आलोक सतपुड़े ने बताया कि अभी प्रक्रिया शुरू हुई है। निर्धारित नियम के साथ ट्रायसायकल की खरीदी स्वीकृत कीमत पर की जाएगी।

## युवक ने खाया कीटनाशक, मौत



**गंडई पंडरिया।** पंडरिया वार्ड 2 निवासी 19 वर्षीय युवा विक्की डहरिया ने 12 दिसंबर को अज्ञात कारणों से कीटनाशक का सेवन कर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार विक्की डहरिया आ शंभू डहरिया पढ़ाई छोड़कर अपने दादा की मनिहारी दुकान में दुकानदारी करता था। गुरूवार को लगभग 12 बजे तबीयत खराब होने की बात कहते हुए अपने घर चला गया था। जहां उसके तड़फने के बाद हास्पिटल ले जाया गया। प्राथमिक इलाज के बाद रिफर करने के पहले ही युवक ने दम तोड़ दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव सुपुर्द किया गया।

पाठक सूचना
राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
8319268069, 9425565082

# टमाटर लुढ़का, दाम पहुंचा प्रति कैरेट दो सौ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

नर्मदा मंडी में गुरूवार को टमाटर की थोक कीमत में जबरदस्त गिरावट आई। मौसम खुलने बाद किसानों को टमाटर की कीमत बढ़ने का अनुमान था पर इसके विपरीत टमाटर प्रति कैरेट 2 सौ से ढाई सौ रूपए में सिमट गया। इस साल यह पहली बार देखने को मिला कि थोक में टमाटर दो सौ करीब आया है।

ज्ञात को कि क्षेत्र में बहुसंख्यक किसान एक बड़े रकबा पर टमाटर का उत्पादन करते हैं। सप्ताह की शुरूवात में टमाटर के दाम सात सौ रूपए के आसपास थे। इसके बाद लगातार बादल छाए रहने तथा टमाटर की आवक बढ़ने से दाम लगातार गिरते गया। बुधवार को टमाटर प्रति कैरेट की दर साढ़े तीन सौ के आसपास रही। गुरूवार को कीमत घटकर दो सौ रूपए प्रति कैरेट तक पहुंच गई। गुरूवार को सैकड़ों किसान टमाटर बेचने पहुंचे थे जो दाम सुनकर सकते में आ गए। बहुत से किसान काफी समय तक टमाटर का दाम बढ़ने का इंतजार करते रहें किन्तु अंततः उन्हे कम कीमत पर टमाटर बेचना पड़ा।



### चिल्हर में मामूली गिरावट

गुरूवार को दो सौ रूपये प्रति कैरेट टमाटर बिकने के बाद भी चिल्हर बिक्री में अपेक्षित दाम कम नही हुआ है। बुधवार- गुरूवार को बाजार में 20 रूपए प्रति किलो की दर पर टमाटर बिकते देखा गया। उपभोक्ताओं ने कहा कि चिल्हर में उन्हें ठगा जा रहा है। थोक में कीमत गिरने के बाद भी टमाटर मंहगे में खरीदना पड़ रहा है।

### लागत से कम दाम

किसानों ने बताया कि दो सौ रूपए या इससे कम दाम नुकसान दायक है। महंगी खाद एवं दवा के कारण टमाटर का उत्पादन लागत काफी अधिक है। खराब मौसम का बुरा असर फसल में पड़ा है। पौधों से टमाटर तोड़ाई की मजदूरी दो सौ रूपए से अधिक है। ऐसे में दो सौ रूपए कैरेट के दाम पर टमाटर बेचना हानिप्रद होगा। कुछ किसानों ने बताया कि बारिश और बदली के कारण शुरूवात में ही फसल बरबाद हो गई थी। अब जब फसल निकलना शुरू हुआ तो दाम गिर गए हैं। किसानों ने बताया कि शुरूवात में एक हजार के आसपास कीमत में टमाटर बेचकर प्रति हेक्टेयर एक लाख से अधिक कमा चुके हैं।



### जैतखाम का लोकार्पण

**डोंगरगढ़।** ग्राम पंचायत रिवागहन में नवीन जैतखाम का लोकार्पण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने किया। विधायक श्रीमती बघेल ने कार्यक्रम में सम्मिलित होकर पूजन के बाद फीता काटकर जैतखाम का लोकार्पण किया। इस मौके पर उन्होंने गुरु घासीदास के बताए मार्ग में चलने और समाज का विकास करने कहा। उन्होंने मंच के लिए 3 लाख, बालिका शौचालय के लिए 1 लाख देने की घोषणा की। इस मौके पर खुमान देशलहरे, विप्लव साहू, संतोष बंजारे, डॉ. मिथलेश साहू, घनश्याम साहू, राकेश बंजारे, शिशुपाल टंडन, सुरेश टंडन, सुखनंदन, मनोहर चंदेल, रामस्वरूप देवांगन, चन्द्रकुमार चंदेल, नितेश यादव, सरिता चंदेल, अश्वनी टंडन, गौरी चंदेल, डॉ. वैदकुमार दास मानिकपुरी, राम्हू पटेल, पुनाराम वर्मा, अमसिंग पटेल, सालिक पटेल, रीना, पार्वती, दुमेश्वरी आदि उपस्थित थे।

# फिर खुल गए चखना सेंटर

**डोंगरगढ़।** राज्य सरकार के आदेश पर शराब दुकानों के आसपास संचालित चखना सेंटर को बंद कर दिया गया था। शासन ने ठेका सिस्टम से दुकान संचालित करने का निर्णय लिया था, किन्तु आबकारी विभागों के अधिकारियों के संरक्षण में अवैध चखना सेंटर फिर शुरू हो गए है। जानकारी के अनुसार सरकारी शराब दुकान की बिक्री बढ़ाने के लिए प्रशासन ने चखना दुकानों को नीलामी के माध्यम से शुरू करने का प्रयास किया था किन्तु प्रशासन की कोशिश नाकाम हो गई है। अब पुराने ढर्रे पर चखना सेंटर संचालित करवाकर आबकारी विभागत का अमला उगाही कर रहा है। जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग के संरक्षण में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शराब की अवैध बिक्री हो रही है साथ ही कई होटल ढ़ाबों में लोगों को पीने की सुविधा मुहैया कराया जा रहा है। यहां चोरी छुपे सरकारी दुकान से शराब की सप्लाई की जा रही है। पुलिस शराब के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। पर आबकारी विभाग मौन है।




Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### अग्निवीर ट्रेनिंग लेकर पहुंचा गांव, भव्य स्वागत

**गंडई पंडरिया।** ग्राम गोकना के चित्रेण साहू का 6 माह पहले अग्निवीर के लिए चयन हुआ था। कर्नाटक में 6 माह तक ट्रेनिंग करने के बाद वह बुधवार को गृहग्राम पहुंचा। उसके आगमन से गांव में दिवाली जैसा माहौल रहा। ग्रामीणों ने डीजे, फूलमाला एवं आतिशबाजी के साथ स्वागत किया। गांव में स्थित बरगद पेड़ के समीप से उसका स्वागत करते हुए ग्रामीण उसे घर तक ले गए। इस दौरान कार्यक्रम आयोजित कर ग्रामीणों ने उसकी उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बधाई दिया। इस दौरान भाई गुनाराम, बहन वेदकुमारी, मां गुलापा साहू सहित हेमलाल साहू, जगेशर साहू, गणेश साहू, भागीरथी साहू, कमल साहू, रामा साहू, लीला धुर्वे, महेश निषाद, क्रीड़ा अधिकारी अनिता पौशार्य आदि मौजूद थे।

### जियारत पर निकले आबिद- माजिद अली



**छुईखदान।** मुस्लिम धर्म के मानने वालो का बड़ा मकसद मक्का मदीने की जियारत करना होता है जिसे हज कहा जाता है। जो हज पर नहीं जा पाते वह उमराह करते हैं। साल के आखिरी महीने में मुसलमान मक्का मदीना की जियारत करने जाना चाहते है लेकिन जो नहीं जा पाते वह उमराह करने रवाना होते है। शहर के सैय्यद आबिद अली की फैमिली उमराह के लिए रवाना हुई, जिसमे सैय्यद आबिद अली के साथ शमशाद बेगम, सैयद माजिद अली, नगमा खान 11दिसंबर को उमराह के लिए रवाना हुए। यात्रा पर जाने से पूर्व जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान, मुस्लिम जमात छुईखदान के अध्यक्ष शेख़ निजमुद्दीन आदि ने सफल उमराह यात्रा की कामना करते हुए विदाई दिया। हजरत सैयद बाबा गुलाब शाह की दरगाह में फातिहा पढ़कर सलामति की दुआ की गई। इस मौके पर हाफिज सरीफुल हक, शेख़ निजमुद्दीन, मो हाफिज इलियास अहमद, हाजी यूसुफ सोलंकी, आशु खान, अख़्तर सोलंकी, इमरान खान, शेख़ इब्राहिम, हाजी आज़म खान, शेख़ समीर, साजिद अली, जफर अली, राशिद भाई, मो अर्श, मो आज़म, आफरीदी खान, आदिल खान, अब्बास खान, शेख़ फरीद, रेहान बाबा सहित अन्य मौजूद थे।

### मैराथन दौड़ 21 को

**डोंगरगांव।** मार्निंग यूथ क्लब के तत्वावधान में आगामी 21 दिसंबर को मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया है। दौड़ में विजेता को 11 हजार और उपविजेता को 5 हजार दिया जाएगा। आयोजन से जुड़े प्रफुल्ल जैन राजा ने बताया कि इस स्पर्धा में सभी आयु वर्ग के प्रतिभागी शामिल हो सकते हैं।

### राज्य सरकार की वायदा खिलाफ पर जमकर नारेबाजी

# कांग्रेसियों ने किया तहसील का घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आहवान पर किसानों के साथ हो रही वादा खिलाफी, धान खरीदी में समस्या एवं अवैध कार्यों पर लगाम लगाने के लिए तहसीलदार को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर चेतावनी दिया कि 7 दिनों के भीतर इन मांगों को पूरा नहीं किया गया तो युवा कांग्रेस कलेक्ट्रेट खैरागढ़ का घेराव करेगी

जिला कांग्रेस अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे ने बताया कि किसानों का धान 31 सौ की दर से खरीद कर एकमुश्त भुगतान, पंचायत स्तर पर भुगतान व्यवस्था, टोकन प्रक्रिया सरल करने, वादानुसार प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीदने, तौल की गड़बड़ी रोकने और बारदाने की कमी को दूर करने की मांग कांग्रेस ने की है। उन्होंने मध्यप्रदेश से आ रहे धान को रोककर कार्रवाई करने और व्यापारी, कोचियों द्वारा खपाए जा रहे धान पर कार्रवाई करने की मांग रखा है।



### तहसील में नहीं हो रहा कोई काम, अवैध शराब की बिक्री जोरों पर

कांग्रेस ने नामांतरण, बंटवारा, रिकार्ड दुरुस्त, फौती के लंबित प्रकरणों का जल्द निराकरण, ऋण पुस्तिका की कमी को दूर करने, पटवारियों को मुख्यालय पर रहने के निर्देश देने की मांग की है। इसी प्रकार बंदोबस्त त्रुटि की समस्या को दूर करने, अवैध ईट भट्ठों, अवैध शराब बिक्री रोकने, सोसायटियों से धान का उठाव करने, किसानों को धान समय पर भुगतान करने की मांग की है। कांग्रेस के आंदोलन में जिला अध्यक्ष गजेंद्र ठाकरे, गुलशन तिवारी, देवराज किशोर दास वैष्णव, ब्लॉक अध्यक्ष रामकुमार पटेल, गौकरण जंघेल, तेजराम वर्मा, रोहित यादव, जनपद उपाध्यक्ष ललित महोबिया, मोतीलाल जंघेल, हेमंत वैष्णव, प्रमोद उइके, केशव मिश्रा, कपिनाथ महोबिया, विजय वर्मा, लिखन जंघेल, नरेश नेगी, देवराज लिलहरे, कैलाश वर्मा, कामदेव पटेल, संतोष यदु, रिंकू गुप्ता, संजय जंघेल, गणेश वैष्णव, कमलेश साहू, लेख नारायण टांडेकर, चतुर ओगरे, यशवंत जंघेल, जीवन जंघेल, अनिल विश्वकर्मा, रामचतुर, बलराम जंघेल, मनीष साहू, संतु वर्मा, हेमंत वर्मा, अमन सोनी, दशरथ जंघेल एवं अन्य शामिल हुए।

## नपा के विरोध में होने वाला कांग्रेस का प्रदर्शन स्थगित

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

नगर पालिका में लगातार जारी भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस द्वारा प्रशासन के खिलाफ 13 दिसंबर को तय विशाल धरना प्रदर्शन और पुतला दहन कार्यक्रम टल गया है। विधायक प्रतिनिधि मनराखन देवांगन ने बताया कि शासकीय राशि का फर्जी तरीके से आहरण, स्वछता श्रृंगार मे लाखों रुपए का बंदरबांट, स्टेशनरी सामान क्रय में फर्जी कोटेशन और बिना जीएसटी बिल के भुगतान, प्रतिमा अनवरण कार्यक्रम मे घोटाला, नल जल योजना में बिना टेक्स देय 57 लाख का आहरण, बोर पंप मरम्मत व डीजल खपत के नाम से नियमों को दरकिनार कर लाखों रुपयों का भुगतान किया गया है। जिसके चलते विधायक यशोदा नीलाम्बर वर्मा, शहर अध्यक्ष भीखमचंद छाजेड़, नपा नेता प्रतिपक्ष दीपक देवांगन, नपा उपाध्यक्ष अब्दुल रज्जाक खान के नेतृत्व में विशाल धरना और पुतला दहन कार्यक्रम तय किया गया था, लेकिन कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा से आवश्यक चर्चा उपरांत जांच पश्चात उचित कार्रवाई के आश्वासन व शिकायत को नगरीय प्रशासन भेजने की सहमति पर प्रदर्शन स्थगित कर दिया

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन

**अंबागढ़ चौकी।** स्थानीय नगर पंचायत के निर्वाचन हेतु फोटोयुक्त निर्वाचन नामावली का अंतिम प्रकाशन किया गया है। निर्वाचक नामावली के प्रारंभिक प्रकाशन के आधार पर कुल मतदाता 7326 हैं जिसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 3450 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 3926 थी। दावा आपत्ति के उपरांत कुल मतदाताओं की संख्या 7580 है जिसमें पुरुष मतदाता 3541 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 4039 है। प्रकाशन की संपूर्ण कार्यवाही राज्य निर्वाचन आयोग से नियुक्त पर्यवेक्षक अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय की देखरेख में किया गया।

## बैहाटोला में जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लॉक के बैहाटोला में जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा का डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, जिला भाजपाध्यक्ष व जिपं सभापति घम्मन साहू, पांडादाह मंडल भाजपा महामंत्री गोरेलाल वर्मा, कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा, डीएफओ आलोक तिवारी सहित अन्य अतिथियों ने विधिवत पूजा-अर्चना कर शुभारंभ किया। इस दौरान अतिथियों ने शिक्षा विभाग, ग्रामीणों और स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सफल आयोजन के लिए अग्रिम बधाई दी। खेल स्पर्धा में भाग लेने पहुंचे खिलाड़ियों के साथ अतिथियों का परिचय कराया गया।

इस अवसर पर सरपंच राधेलाल ऊके, जिला खेल अधिकारी कन्हैया पटेल, बीआरसी सुजीत सिंह चौहान सहित ग्रामवासी, शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### चार जोन में प्रतियोगिता

बीईओ नीलम सिंह राजपूत ने विभागीय प्रतिवेदन का वाचन करते बताया कि प्रतियोगिता में जिले से 4 जोन को शामिल किया गया है। जिसमें 2 जोन खैरागढ़ और 2 जोन छुईखदान से संबंधित है। इस तरह चारों जोन से लगभग छह सौ प्रतिभागी विभिन्न विधाओं जैसे कबड्डी, खो-खो, गोला फेंक, चक्र फेंक, दौड़ सहित छोटे-छोटे बच्चे गोली-चम्मच, सुई धागा, जलेबी दौड़ जैसे मनोरंजक खेलों में भी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। दो दिवसीय आवासीय आयोजन में बच्चों के आवास सहित सुरक्षा संसाधनों का भी पर्याप्त ध्यान रखा गया है। आयोजन में बच्चों के साथ जोन प्रभारी शिक्षक और कोच मास्टर भी बच्चों के साथ अपनी उपस्थित हैं। यह आयोजन पूर्णत सामुदायिक सहभागिता के साथ बैहाटोला के नागरिकों, आसपास क्षेत्र के शिक्षकों द्वारा किया जा रहा है। जिसमें प्रतिभागी बच्चों के लिए भोजन, स्वल्पाहार आदि की व्यवस्था की गई है।

### अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया गया

**खैरागढ़।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर चंद्रकांत वर्मा के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला में जिला स्तरीय खेलकूद, सांस्कृतिक व सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगजनों का सम्मान किया गया। वहीं शासन के योजनाओं से लाभान्वित भी किया गया। समाज कल्याण संचालनालय छग के निर्देशानुसार दिव्यांग व्यक्तियों के प्रति समुदाय में सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करने समान अवसर व अधिकार प्रदान करने और इनके सामर्थ्य से परिचित कराने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, जिपं सभापति घम्मन साहू, नपा अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## सरकार के निर्णय से मिलर्स असंतुष्ट

**गंडई पंडरिया।** कैबिनेट की बैठक में वर्ष 2022-23 के भुगतान पर सहमति नहीं बनी साथ ही एसएलसी से परिवहन व्यय भी फाइनल नहीं हो हुआ है जिसे लेकर प्रदेश के मिलर्स बड़ी उम्मीद लगाए हुए थे। मिलर्स केबिनेट की बैठक के बाद निराश और आक्रोशित हैं।

प्रदेश राईस मिलर ऐसोसिएश के अध्यक्ष योगेश अग्रवाल ने बताया कि केबिनेट के निर्णय के बाद मिलर्स कस्टम मिलिंग कार्य करने के निर्णय पर पुनर्विचार करने बाध्य हो गए हैं। सभी मिलर्स की केबिनेट के फैसले का इंतजार कर रहे थे। उन्हे उम्मीद थी कि सरकार उनकी बातों को गंभीरता से लेगी किन्तु उम्मीद के विपरीत लेकर मिलर्स को आर्थिक रूप से कमजोर करते हुए उनकी कमर तोड़ दिया है।

सभी मिलर्स को खर्चों के लिए भुगतान की जरूरत थी। पिछले दिनों मिलर्स ने अपनी जायज़ मांगों को लेकर कस्टम मिलिंग से दूरी बना लिया था। सरकार ने मिलर्स से चर्चा कर बड़ा आश्वासन दिया था लेकिन अब मिलर्स सरकार के निर्णय के खिलाफ हैं। ज्ञात हो कि वर्ष 2023-24 के ज्यादातर मिलर्स का काम ही पूरा नहीं हुआ है। जिनका काम पूरा हो चुका है उनका बिल नहीं बन रहा है।

उनके बिलों को रोक दिया गया है। मिलरों की मांग है कि पहले पुराना भुगतान किया जाए। यह जानकारी जिला अध्यक्ष असलम मेमन ने देते हुए बताया कि एसोसिएशन ने महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सहकारिता मंत्री, राज्यपाल, केंद्रीय खाद्य मंत्री से किसानों से जुड़े मामले पर दखल देने का आग्रह किया है।

## आरक्षण सहित अन्य मांगों को लेकर महासभा ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

आरक्षण सहित अन्य मुद्दों को लेकर गोंडवाना गोड़ महासभा धमधागढ़ के बैनर तले वनांचल के बसे आदिवासियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन कर अंबेडकर चौक में धरना दिया। इस दौरान महासभा पदाधिकारियों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में बसे अनुसूचित जनजाति वर्ग की समस्याओं के निराकरण को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन दिया।

महासभा जिलाध्यक्ष संतराम छेदैया ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव में एसटी, एससी, ओबीसी वर्ग का 2011 की जनगणना अनुसार आरक्षण कोटा निर्धारित करने अथवा तीनों वर्ग का इसी सत्र में जनगणना आधार पर आरक्षण सुनिश्चित करने की मांग की। वहीं जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक सात मुढ़ीपार में प्रथम प्रकाशन के आधार पांच गांव भरतपुर, नवागांव कंवर, परसाही, दैहान और करेला को शामिल करने, तीन सीट जिपं क्षेत्र में आरक्षित करने, एकलव्य आवासीय विद्यालय संचालन प्रारंभ करने, छात्रगृह योजना संचालित करने, अनुसूचित जनजाति के लिए पांच सौ सीट वाली पोस्ट मैट्रिक बालक बालिका छात्रावास प्रारंभ करने और गातापार जंगल में प्री मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक छात्रावास संचालित करने की मांग की है।

इस दौरान महासभा संरक्षक निजाम सिंह मंडावी, रामअवतार मंडावी, पन्नालाल मंडावी, गेंदसिंह जगत, राजकुमार मरकाम, श्यामू मरावी, देवधर छेदैया, हुम्मन नेताम, जयपाल शोरी, मन्नू मरावी, अमरसिंह मरावी, शेरसिंह मरावी, गोवर्धन मरावी, विजय मरावी, संतोष मरावी, अंकल सिंह मरावी, मयाराम धुर्वे, रोहित पुलस्तय, डोगेंद धुर्वे, यशवंत धुर्वे सहित जिलेभर के विभिन्न वनांचल क्षेत्र में बसे हजारों आदिवासी समाज के महिला पुरूष मौजूद थे।



### अनुशंसा पर राशि देने की मांग

इसके अलावा महासभा सदस्यों ने छुईखदान ब्लॉक के बोरई में सामुदायिक भवन के लिए पूर्व में स्वीकृत दस लाख और उदयपुर के लिए स्वीकृत पांच लाख को प्रदान करने के अलावा धुव गोड़ समाज के लिए आदिम जाति कल्याण विभाग द्वारा सीएम की अनुशंसा पर स्वीकृत राशि को जल्द प्रदान करने की मांग की है।

### घासीदास जयंती पर मनेगा मद्य निषेध दिवस

**खैरागढ़।** बाबा गुरु घासीदास जयंती अवसर पर 18 दिसंबर को मद्य निषेध दिवस मनाया जाएगा। समाज कल्याण विभाग से मिली जानकारी अनुसार विकासखंड स्तर पर मद्य निषेध दिवस को लेकर विविध आयोजन किया जाएगा। सामुदायिक सहभागिता से मद्य निषेध दिवस के अवसर पर स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं युवा कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, जनसंपर्क, आबकारी विभाग, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग आदि के माध्यम से नशामुक्ति कार्यक्रम, रेडियो व दूरदर्शन से नशा मुक्ति संबंधी कार्यक्रमों का प्रसारण व जिले के समस्त विभागों के समन्वय से नशापान के विरूद्ध समुचित कारवाई की जाएगी।

इसी तरह यथासंभव नशा पीड़ितों से प्रत्यक्ष संवाद कर उन्हें नशापान के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही नशामुक्ति साहित्यों का वितरण, सोशल मीडिया में प्रेरक स्लोगन, चित्रों के माध्यम से नशा व एड्स प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार और विद्यार्थियों में नशापान के विरुद्ध जागरूकता लाने का प्रयास किया जाएगा। इसके लिए संगीत विश्वविद्यालय, महाविद्यालय, विद्यालय में नशापान के दुष्परिणामों पर केन्द्रित विभिन्न कार्यकमों का आयोजन कराया जाएगा। स्थानीय संस्कृति व परंपराओं के अनुरूप उक्त कार्यक्रमों का आयोजन जनसामान्य की सहभागिता और विभिन्न विभागों के सहयोग से कराने का निर्णय लिया गया है।

## एनएसएस की बौद्धिक परिचर्चा में बताया, जनसेवा का महत्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के कुलीकसा में आयोजित रानी रश्मि देवी सिंह कालेज के सात दिवसीय एनएसएस शिविर के बौद्धिक परिचर्चा सत्र में स्वयंसेवको को जनसेवा का महत्व बताया।

मुख्यवक्ता शांतिदूत संस्था के संयोजक अनुराग शांति तुरे ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र-छात्रों के कैरियर निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इससे हम अनुशासन और समय के समुचित प्रबंधन के साथ जनसेवा के अक्षुण्ण गुण सीख सकते हैं।

स्वयंसेवको को प्रोत्साहित करते हुए उन्होंने कहा कि अगर ईमानदारी से मेहनत की जाए तो सफलता अवश्य मिलती है। पत्रकारिता में कैरियर निर्माण को लेकर भी जानकारी उन्होंने दी। नागरिक एकता मंच के संयोजक जहीन खान, नीलेश यादव, याहिया नियाजी, मनोहर सेन, यावर नियाजी ने कहा समाजसेवा का भाव केवल विद्यार्थी जीवन तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि यह जीवन पर्यंत चलना चाहिए। परिचर्चा सत्र में पूमाशा तेंदुआ जिला रायपुर के शिक्षक मनीष कुमार साहू व पूमाशा नवागांव घाट के शिक्षक बसंत कुमार चंद्रवंशी ने व्यक्तित्व निर्माण में राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व को रेखांकित किया।

कार्यक्रम का संचालन अतिथि व्याख्याता डॉ.उमेंद चंदेल व आभार प्रदर्शन कार्यक्रम अधिकारी प्रो.यशपाल जंघेल ने किया। इस अवसर पर स्वयंसेवक ईश्वर वर्मा, तुलेश्वर वर्मा, ताम्रध्वज, विष्णु यादव व शिविर नायक नितेश साहू सहित शिविरार्थी स्वयंसेवक उपस्थित थे।

### मनाया मानवाधिकार दिवस

**बांधाबाजार।** अधिकारों से लोगों को जागृत करने के लिए समग्र सृष्टि समाज सेवी संस्था दक्कोटोला ने सामुदायिक सीख केंद्र सुरता से सृजन में मानव अधिकार दिवस कार्यक्रम आयोजित किया। मुख्य अतिथि मृगेंद्र सिंह, विशेष अतिथि नीरज चंदेलिया की उपस्थिति आयोजित कार्यक्रम में मोहला तथा अंबागढ़ चौकी तहसील के ग्रामीण शामिल हुए।

प्रस्ताविक भाषण में संस्था के समन्वयक जयदेव मोहुर्ले ने बताया कि वनांचल के लोग भी जानकारी नहीं होने कारण योजनाओं के लाभ से वंचित होते हैं। मुख्य अतिथि मृगेंद्र सिंह ने कहा कि अशिक्षा के कारण लोग लाभ से वंचित हो रहे है। शिक्षा से जुड़कर शासकीय योजनाओं का लाभ उठाया जा सकता है। श्री चंदेलिया ने बताया कि मानव अधिकार को संवैधानिक अधिकार के रूप दर्ज किया गया है जिसका सबको सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम में फड़की, खैरी, भूरभूसी, बामणी, नाडेकल, गल्लेटोला, कोड़ेवाड़ा, मरदेल, मुदयाल, मडियान डीह, सुवरवोड, मकोड़ी, चिरचारी, ततोडा, माधोपुर आदि ग्रामों के ग्रामीण शामिल हुए। संचालन जयदेव मोहुरले और आभार प्रदर्शन अर्जुन कुमेटी ने किया।

### गांव में सेवा, समर्पण के तहत चला अभियान

# गाड़ाघाट में एनएसएस शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

मैं नहीं, आप के मूलमंत्र को आत्मसात करते शासकीय पॉलिटेक्निक कालेज के एनएसएस इकाई ने गाड़ाघाट में एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया। रासेयो के सेवा समर्पण भाव को साकार रूप देते शिविर में पुरूष और महिला इकाई के 60 स्वयंसेवकों ने भाग लेकर समाजसेवा और जन जागरूकता का संदेश दिया।

शिविर की शुरूआत मैकेनिकल विभाग के प्रभारी विभागाध्यक्ष मन्नू कुमार नायक और कंप्यूटर साइंस विभाग के व्याख्याता तेजेश्वर देशमुख ने की। स्वयंसेवकों ने एनएसएस के आदर्श वाक्य समाजसेवा के माध्यम से छात्रों के व्यक्तित्व का विकास को ध्यान में रखते पूरे दिन विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया। इस दौरान उन्होंने गांव के प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर और उच्चतर माध्यमिक शालाओं में जाकर कई रचनात्मक और जागरूकता मूलक कार्यक्रम किया। प्राथमिक शाला में शिक्षा मित्र योजना तहत बच्चों को पढ़ाया। परिसर में स्वच्छता अभियान चलाते साफ-सफाई बाद दीवारों की पोताई कर प्रेरणादायक नारों का लेखन किया। जिसमें एक कदम स्वच्छता की ओर, पढ़ेगा इंडिया, तभी तो बढ़ेगा इंडिया और स्वास्थ्य ही धन है, जैसे संदेश शामिल थे। शिविर में देशी खेलकूद की गतिविधिया आयोजित की गई, जिसने बच्चों को उत्साह और आनंद से भर दिया। विजेताओं को प्रपा एसआर धुर्वे द्वारा पुरस्कार दिया गया।




### नुक्कड़ नाटक के जरिये जागरुकता

माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक शालाओं में जागरूकता अभियान के दौरान स्वयंसेवकों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से प्रदेश शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं और सुशासन पर मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा ऋण ब्याज अनुदान योजना, केंद्र और राज्य की छात्रवृत्ति योजनाओं सहित एड्स जागरूकता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संदेश देकर छात्रों सहित ग्रामीणों को भी सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक किया। शिविर संस्था प्राचार्य एसबी वराठे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी बलवंत सिंह कोर्राम और अंशु प्रीति कुजूर, प्रकाशचंद खरे, आरएन गोंड के मार्गदर्शन में संचालित हुआ। इस दौरान सरपंच और शाला स्टॉफ की उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक सार्थक बना दिया। विकास की राह स्वच्छता से, स्वच्छता की राह सेवा से, जैसे नारों को साकार करते स्वयंसेवकों ने ग्रामीण जीवन को संवारने का सराहनीय प्रयास किया। शिविर से शिक्षा, स्वच्छता और जागरूकता के माध्यम से ग्रामीण समुदाय के साथ एनएसएस की सेवा भावना को मजबूती प्रदान की। ग्रामीणों व स्वयंसेवकों के प्रयासों की प्रशंसा कर इस प्रकार का आयोजन करते रहने कहा।

## कांचरी में जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

ब्लाक के ग्रापं कांचरी में आयोजित जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा स्पर्धा का सरपंच हेमकल्याणी तोड़े ने शुभारंभ किया। अध्यक्षता प्रभारी जिला क्रीड़ा अधिकारी कन्हैया पटेल ने किया वही स्कूल प्राचार्य मधु नेताम, देवेंद्र पाल तोड़े, यशोदा वर्मा, संजय वर्मा, प्रेम ग्वाला, भूखन यादव, गनेशू वर्मा, लाला वर्मा, बहल वर्मा, जासल वर्मा व एसएमसी अध्यक्ष भानु वर्मा बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद थे।

प्राथमिक वर्ग बालक व बालिकाओं में एकल खेल 80, 100 मीटर दौड़, कुर्सी, आलू, सुई धागा, लंबी कूद व सामूहिक खेलों में खो खो, कबड्डी, रिलेरेस व योगा का आयोजन हुआ। इसी प्रकार पूर्व माध्यमिक बालक व बालिका वर्ग में 100, 200, 400, 600 मी दौड़, तवा फेंक, गोला फेंक, लंबी कूद व सामूहिक खेलो में खो खो, कबड्डी, योगा व रिलेरेस स्पर्धा हुई। इस दौरान संकुल समन्वयक समय लाल धुर्वे, कमल वर्मा, राजूराम जोशी, रामेश्वर वर्मा, हेमंत वर्मा, तोपचन्द वर्मा, नोहर सिंह देशमुख, गिरवर बंजारे, शिक्षक मोरेश्वर वर्मा, गोपाल सिंह राजपूत, देवेंद्र यादव, भगवती प्रसाद सिन्हा, संतोष तोड़े, कोमल चंद कोठारी सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे। जोन स्तरीय क्रीड़ा स्पर्धा आयोजन में बसंत तोड़े, रामकुमार वर्मा, अनिता वर्मा, सुनीता वर्मा, देखिन रजक, उमा वर्मा, प्रियंका वर्मा, शालू गेन्ड्रे, संगीता बाई, कचरा बाई, पार्वती यादव, इंदकुंवर वर्मा, द्रौपती वर्मा, रोशनी यादव, राधिका वर्मा, तीज बाई, अमरबती वर्मा का सहयोग रहा।

स्पर्धा के समापन समारोह में सभी खेल विधाओं विजयी बच्चों को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान जोन अंतर्गत आने वाले सभी प्राशा व पूमाशा शाला के प्रतिभागी बच्चों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।



## सार समाचार



राजनांदगांव। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत सम्मान समारोह का आयोजन गांधी सभागृह में आयोजित किया गया।

### निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन

**राजनांदगांव।** नगर पालिका आम निर्वाचन 2024 के निर्वाचक नामावली तैयार व पुनरीक्षण कार्यक्रम अनुसार 11 दिसंबर को नगरीय निकाय क्षेत्र नगर पालिक निगम राजनांदगांव, नगर पालिका परिषद् डोंगरगढ़, नगर पंचायत डोंगरगांव, छुरिया, लाल बहादुर नगर में नियत स्थान पर निर्वाचक नामावली का अंतिम प्रकाशन कर लिया गया है। निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन सूची अनुसार नगर पालिका अंतर्गत कुल मतदाताओं की संख्या 1 लाख 79 हजार 797 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 86792, महिला मतदाताओं की संख्या 93 हजार एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 5 है। नगर पालिक निगम राजनांदगांव के 51 वार्डों में मतदाताओं की संख्या 1 लाख 33 हजार 677 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 64461 व महिला मतदाताओं की संख्या 69214 एवं अन्य मतदाताओं की संख्या 2 है। नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ के 24 वार्डों में मतदाताओं की संख्या 27567 है। जिसमें पुरूष 13386 व महिला 14178 मतदाता एवं अन्य की संख्या 3 है। नगर पंचायत डोंगरगांव के 15 वार्डों में मतदाताओं की संख्या 11948 है। जिसमें पुरूष 5769 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 6179 है। नपं छुरिया के 15 वार्डों में कुल मतदाताओं की संख्या 3 हजार 65 है। जिसमें पुरूष 1438 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1627 है। नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के 15 वार्डों में कुल मतदाताओं की संख्या 3 हजार 540 है। जिसमें पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 हजार 738 एवं महिला मतदाताओं की संख्या 1 हजार 802 है।

### बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

**राजनांदगांव।** ग्राम जरहामहका विकासखंड छुरिया में दो दिवसीय संकुल स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि खुज्जी विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। विधायक श्री साहू ने मां सरस्वती की विधिवत पूजा-अर्चना कर संकुल स्तरीय खेल प्रतियोगिता के आयोजन हेतु संकुल के सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों तथा शाला परिवार व ग्रामवासियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान सरपंच घनश्याम दास साहू, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष छुरिया राजकुमारी सिन्हा, महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी चुम्मन साहू, कार्यकारिणी कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया राजू सिन्हा, जिला अध्यक्ष आदिवासी कांग्रेस कमेटी लादूराम तुमरेकी, किशोर टेमरे, यसवंत सिन्हा, नीलकमल, खूबचंद साहू, हेमलाल पंचारे, पतिराम साहू, कनसराम, संकुल के शिक्षकगण व बच्चे तथा ग्रामवासी उपस्थित थे।



### क्विज प्रतियोगिता में गजेंद्र प्रथम

**राजनांदगांव।** ग्राम सुरगी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में 12 दिसंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के 1 वर्ष पूर्ण होने पर क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य एनके साहू, योगेश गौतम, बसंती शर्मा, दिनेश सिन्हा, वंदना देवांगन, चारुलता भौतमांगे, हेमलता साहू, स्मिता मिश्रा, किरण साहू, गीतांजलि साहू, चित्रलेखा साहू, नीरा ठाकुर, वीरेन्द्र टेम्भुरकर, सुशील नारायण शर्मा, अरुणा साहू, देवेंद मंडावी, बलराम आर्य, शिवम झा, पंकज चंदेल, क्षत्रपाल देशमुख, देवेंद्र साहू और भृत्य मनीष अवस्थी व प्रमिला राय आदि उपस्थित थे। प्रतियोगिता में गजेंद्र साहू कक्षा 11वीं आर्ट प्रथम, द्वितीय पुष्पलता साहू कक्षा 9वीं बी और तृतीय स्थान पर कक्षा 10वी बी की छात्रा चंचल साहू रही। प्राचार्य और व्याख्यातागणों ने विजयी बच्चों को शुभकामनाएं दी। उक्त जानकारी व्याख्याता सुशील नारायण शर्मा ने दी।



### राष्ट्रीय योगासन खेल में दीक्षा और विक्रम का चयन

**राजनांदगांव।** शहर की महिला योग खिलाड़ी दीक्षा ताम्रकार और राजनांदगांव जिले के ही पुरूष योग खिलाड़ी विक्रम वर्मा का चयन महात्मा गांधी स्टेडियम तुमकुर कर्नाटक में आयोजित राष्ट्रीय योगासन खेल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। दोनों खिलाड़ी उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। दोनों ही खिलाड़ी शहर के योगाचार्य किशोर माहेश्वरी के मार्गदर्शन में नियमित रूप से प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। राष्ट्रीय स्तर की उक्त योगासन खेल प्रतियोगिता में 32 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 1500 खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है। दीक्षा और विक्रम ने गत 22 से 25 नवंबर को रायगढ़ में आयोजित राज्य स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता में क्रमशः रजत पदक और कांस्य पदक जीतकर राष्ट्रीय योगासन खेल प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान पक्का किया था। उनकी इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ योगासन के प्रमुख पदाधिकारी डोमेंद्र देवांगन, राजनांदगांव योगासन खेल जगत के गणमान्य नागरिकों, मित्रों एवं परिजनों ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।



### समिति ने पूर्व सांसद सिंह से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** संस्कार श्रद्धांजलि समिति द्वारा दृष्टिहीन कार्यक्रम आयोजित करने की योजना के अंतर्गत समिति के सदस्यों ने पूर्व सांसद अभिषेक सिंह से मुलाकात की। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा और संभावित सहयोग पर चर्चा हुई। पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने समिति की इस पहल की सराहना करते इसे समाज के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। उन्होंने समिति को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम दृष्टिहीन व्यक्तियों को आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपना योगदान देने प्रेरित करते हैं।



पृष्ठ 13 का शेष

### गांव की राशन दुकान...

**नियमानुसार आबंटन की मांग-** ग्राम देवकट्टा स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान आबंटन में विलंब करने की शिकायत करते महिलाओं ने नियमानुसार दुकान का आबंटन करने ईश्तहार प्रकाशन के माध्यम से आवेदन मंगाकर बिहान योजना अंतर्गत पंजीकृत महिला समूह को आबंटित करने की मांग की है।

## धान खरीदी के लिए नियुक्त नोडल अधिकारयों की बैठक

# नोडल अधिकारी धान उपार्जन केन्द्रों में करें सतत निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासन की सर्वोच्च वाली योजना कृषक उन्नति योजना के तहत जिले के किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से धान खरीदी की जा रही है। किसानों से उनके उपार्जित धान स्थापित धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यमों से खरीदा जा रहा है। इसके लिए नोडल अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जो सतत रूप से इन केन्द्रों की निगरानी कर धान खरीदी व्यवस्था को सुचारू बनाए हुए हैं।

कलेक्टर संजय अग्रवाल ने गुरुवार को कलेक्टोरेट सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों की बैठक लेकर उनके कार्यों की समीक्षा के साथ ही उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि नोडल अधिकारी धान उपार्जन केन्द्रों की सतत निगरानी करने के साथ उपार्जित धान का विधिवत भौतिक सत्यापन करते रहें। उपार्जन केन्द्र में खरीदे गए धान के स्टेक का सप्ताह में कम से कम दो बार विधिवत गिनती कर लें। इसके अलावा समय-समय पर धान खरीदी केन्द्रों में किसानों की सुविधा के लिए उपलब्ध व्यवस्था का भी अवलोकन करते रहें।



#### बिचौलियों का धान न पहुंचे

कोचियों, बिचौलियों द्वारा धान उपार्जन केन्द्रों में किसी भी तरह से धान बिक्री के लिए नहीं आना चाहिए। इसके लिए नोडल अधिकारी सतर्क रहने के साथ ही निरंतर निगरानी करते रहें। कलेक्टर अग्रवाल ने कहा कि नोडल अधिकारी किसानों का धान रकबा समर्पण का कार्य भी कराते रहें। उन्होंने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों के भ्रमण के दौरान नोडल अधिकारी वहां उपलब्ध कराए गए बारदाने एवं अन्य स्टॉक का भी सत्यापन करें।

#### एप से मिल रहा टोकन

उल्लेखनीय है कि खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के तहत राज्य शासन द्वारा जिले के 96 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल के मान से 14 नवंबर 2024 से धान खरीदी की जा रही है। किसान टोकन तुंहर हाथ ऑनलाइन एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे हैं। जिले में 96 धान उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से धान खरीदी की जा रही है। जिले में कुल 1 लाख 32 हजार 468 किसानों का पंजीयन हुआ है। बैठक में जिला खाद्य अधिकारी रविन्द्र सोनी, खाद्य विभाग के अधिकारी एवं नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

## पेंशनर एसोसिएशन की बैठक आयोजित



**राजनांदगांव।** पेंशनर एसोसिएशन छत्तीसगढ़ प्रदेश की आवश्यक बैठक गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में डॉ. केएल टांडेकर प्रदेश अध्यक्ष की अध्यक्षता में आहुत की गई। बैठक में केपी सिंह, एसके सिंह, आरती लॉन्चकर, राजेश रति, हसीना खान, सोनभद्रेश, पुष्पा सावरकर, ग्रे देवांगन, डीडी पांडे उपस्थित रहे।

पेंशनर संगठन द्वारा चर्चा उपरांत महत्वपूर्ण कार्य योजना बनाई गई। जिसमें 17 दिसंबर को पेंशनर देने का आयोजन होना था, जिसे 20 दिसंबर को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस दिन वरिष्ठ पेंशनरों का सम्मान किया जाएगा। कार्यक्रम में जिले के पेंशनर बड़ी संख्या में उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों के लिए जनप्रतिनिधियों से संपर्क कर उनका समय लिया जाएगा। यह कोशिश होगी कि पेंशनर-डे के आयोजन में पेंशनरों के लिए और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पेंशनर-डे का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश स्तर पर समस्त जिला, तहसील एवं ब्लॉक इकाइयों में आयोजित किए जा रहे हैं। प्रदेश के समस्त पेंशनरों और पदाधिकारी से अनुरोध है कि पेंशनर दिवस का आयोजन करें तथा अधिक से अधिक पेंशनरों की सहभागिता सुनिश्चित करें।

## एक दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट टूर्नामेंट 15 को

**राजनांदगांव।** कमला कॉलेज मैदान में 15 दिसंबर को एक दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। प्रतियोगिता में कुल 8 टीमें हिस्सा लेगी।

मैच सुबह साढ़े 7 बजे से खेले जाएंगे। विजेता टीम को 5100 और उपविजेता को 3100 रुपए का पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा मैन ऑफ द सीरिज व प्रत्येक मैच के मैन ऑफ द मैच को भी पुरस्कार दिए जाएंगे। समापन व पुरस्कार वितरण के अवसर पर कलेक्टर संजय अग्रवाल बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता की तैयारी शुरू कर दी गई है। मैचेस 7-7 ओवर के खेले जाएंगे। इस प्रतियोगिता में शहर की नामी टीमें हिस्सा लेंगी। आयोजक मार्निंग क्रिकेट क्लब द्वारा सभी खेलप्रेमियों से उपस्थित रहकर मैच का लुत्फ उठाने की अपील की है।

## आयुक्त ने सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

**राजनांदगांव।** नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा गुरुवार को सफाई व्यवस्था देखने शहर के आंतरिक क्षेत्र आजद चौक, गांधी चौक, ब्राम्हणपारा, ठेठवारपारा, दुर्गा चौक, किल्लापारा में साफ-सफाई व्यवस्था देख ठेका वार्ड के ठेकेदारों से अपने वार्ड के अलावा आसपास के वार्ड में सफाई कर सहयोग करने कहा। उन्होंने नागरिकों से भी साफ-सफाई में सहयोग कर कचरा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाडी में डालने की अपील की।

आयुक्त विश्वकर्मा ने आजाद चौक, गांधी चौक, ब्राम्हणपारा, ठेठवार पारा में साफ-सफाई देख स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव से कहा कि यह क्षेत्र शहर का घना बस्ती वाला क्षेत्र है। इसके गलियों व नाली नालों की सफाई कर नियमित कचरा उठाएं।



उन्होंने नागरिकों से रूबरू हो कहा कि कचरा डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण गाड़ी में डाले, आसपास व नाली में कचरा न डाले। आयुक्त विश्वकर्मा दुर्गा चौक, किल्लापारा क्षेत्र का पार्षद मणीभास्कर गुप्ता के साथ भ्रमण कर लीला अपार्टमेंट वालों को नाला में कचरा न डालकर डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण वाली गाड़ी में डालने समझाईस दी। राजीव नगर एसएलआरएम सेंटर पहुंचकर कचरा पृथककरण की जानकारी ली। सेंटर संचालन से चर्चा कर सेंटर की समस्या से अवगत होकर निराकरण करने मिशन सह प्रभारी पवन कुर्रे को निर्देश दिए। आयुक्त ने ठेका वार्डों में सफाई का जायजा लेकर सफाई में सुधार करने के साथ-साथ वर्तमान में हड़ताल के निराकरण तक अपने आसपास के वार्डों में भी सफाई कर सहयोग करने सफाई ठेकेदारों से कहा। उन्होंने कहा कि अति आवश्यक सेवा बिजली, पानी, सफाई प्रभावित न हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है। निगम के अधिकारी सुचारू कार्य के लिए लगे हुए हैं।

## गायत्री मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 21 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गायत्री शक्तिपीठ अपने नए कलेवर में नवनिर्मित होकर भव्य स्वरूप में सामने आ रहा है। इस मंदिर में वेदमाता गायत्री प्रतिमा की 21 दिसंबर को पुनर्प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का तीन दिवसीय भव्य समारोहिक आयोजन किया जा रहा है। पहले दिन 20 दिसंबर को महाकाल यात्रा की तर्ज पर शहर में भव्य मां गायत्री पुनर्प्राण प्रतिष्ठा मंगल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। उक्त तीन दिवसीय भव्य धार्मिक समारोह के संपादनार्थ नव-निर्माणाधीन गायत्री शक्तिपीठ में बैठक रखी गई। जिसमें सिख समाज, जैन समाज, गुजराती समाज, ब्राह्मण समाज, माहेश्वरी समाज, क्षत्रीय समाज, साहू समाज सहित अन्य समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित हुए। इसके साथ ही महापौर हेमा देशमुख, गायत्री परिजन सहित मीडिया जगत के लोगों की भी उपस्थिति बनी रही।

गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी सूर्यकांत चितलांग्या व उप ट्रस्टी एवं गायत्री मंदिर पुनर्निर्माण प्रभारी बृजकिशोर सुरजन के संयोजन में आयोजित बैठक में सर्व समाज के महानुभावों द्वारा एक स्वर में वेदमाता गायत्री प्रतिमा पुनर्प्राण प्रतिष्ठा समारोह भव्य से भव्य रुप में मनाने निर्णय लिया गया। महापौर हेमा देशमुख ने कहा कि मां गायत्री पुनर्प्राण प्रतिष्ठा अवसर पर बड़ी संख्या धर्मप्रेमी, श्रृद्धालुजनों का आगमन होगा। श्री सुरजन ने कहा कि सभी लोगों की भोजन-प्रसादी व्यवस्था माहेश्वरी भवन में कराई जा रही है। उक्त व्यवस्था में शिखा गांधी व माहेश्वरी समाज की समाजसेवी महिलाएं हाथ बंटाएगी।

#### धूमधाम से निकलेगी शोभायात्रा

सूर्यकांत चितलांग्या व बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि वेदमाता गायत्री बुद्धि को सन्मार्ग की ओर प्रेरित करने वाली आद्य शक्ति है। लायंस क्लब के अध्यक्ष तरणदीप सिंह अरोरा ने कहा कि गायत्री शक्तिपीठ के तीन दिवसीय उक्त भव्य आयोजन में उनके समाज के लोग मंदिर में कार सेवा सहित शोभायात्रा दिन सड़क पर झाड़-बुहार लगाएंगे। महाकाल सेवक पवन डागा ने कहा कि भव्य मंगल कलश शोभायात्रा के दिन महाकाल यात्रा की तरह अखाड़ा प्रदर्शन, सिंघोला की झांझ-मंजीरे की टीम, भजन गायक मंडली, मां गायत्री की भव्य एवं आकर्षक झांकी के साथ बाजे-गाजे की धुन में महाकाल भक्तजन झूमते-नाचते नजर आएंगे।

#### गायत्री शक्तिपीठ से निकलेगी शोभायात्रा

बैठक को जुगल लड्ढा, बद्रीनाथ महोबिया, कमलकिशोर साहू, मनोज बैद, मुरलीधर चौधरी, गगन लड्ढा, संतोष पटाक, श्री बजाज, अर्पण खंडेलवाल, राजेश जैन आदि ने भी संबोधित किया। बृजकिशोर सुरजन ने बताया कि 21 दिसंबर को शहर में भव्य मंगल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी, जो गायत्री शक्तिपीठ से प्रारंभ होकर सुरजन गली होते हुए रामाधीन मार्ग, गंज लाइन, भारत माता चौक, आजाद चौक, गुड़ाखू लाइन जूनीहटरी होते मानव मंदिर चौक पहुंचेगी व वहां से सिनेमा लाइन, भारत माता चौक से कामठी लाइन होते हुए पुनः गायत्री शक्तिपीठ पहुंचकर समाप्त होगी। इसके बाद अगले दिन मां गायत्री की विधि- विधान के साथ वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्राण प्रतिष्ठा होगी। उक्ताशय की जानकारी भाई ओमप्रकाश ने दी।

## उपांशु ने तीरंदाजी नेशनल गेम्स में हासिल किया तीसरा स्थान



■ आईबी ग्रुप ने की थी 10 लाख रुपए की आर्थिक सहायता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

गुजरात में आयोजित स्कूल गेम्स के नेशनल में प्रतिभावान तीरंदाजी के खिलाड़ी उपांशु राव ने तीसरा स्थान हासिल कर केवल राजनांदगांव ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उपांशु राव के स्कूल नेशनल गेम्स में गोल्ड मेडल हासिल करने पर छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, आईबी ग्रुप के एमडी बहादुर अली, आईजी दीपक झा, कलेक्टर संजय अग्रवाल, एसपी मोहित गर्ग ने खिलाड़ी उपांशु को बधाई दी है।

उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव पुलिस लाइन में पुलिस विभाग एवं अभिलेख वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से उपांशु निःशुल्क तीरंदाजी खेल का प्रशिक्षण ले रहा है। अपनी खेल प्रतिभा और कुशल प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में उसने इस मुकाम को हासिल किया है।

आर्चरी खेल में महंगे आधुनिक उपकरणों की वजह से अधिकांश खिलाड़ी इसकी व्यवस्था नहीं कर पाते हैं। ऐसे में इन खिलाड़ियों की प्रतिभा को तराशने के लिए आईबी ग्रुप द्वारा खिलाड़ियों को आधुनिक उपकरण प्रदान किए गए हैं। तीरंदाजी की राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में इस्तेमाल किए जाने वाले उपकरण के लिए आईबी ग्रुप ने 10 लाख रुपए की सहायता भी दी है। आईबी ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर बहादुर अली की सहायता से मिले संसाधनों से ही उपांशु ने प्रैक्टिस कर उसने अपने इस खेल को तराशा और स्कूल नेशनल गेम्स में देशभर से पहुंचे 1200 खिलाड़ियों में से तीसरा स्थान हासिल किया है।

## जोरातराई में मंडई का आयोजन 15 को

**राजनांदगांव।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी ग्राम जोरातराई (बोरी) में अग्घन पूर्णिमा के शुभ अवसर पर 15 दिसंबर 2024 दिन रविवार को मंडई एव रात्रि में मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग दुर्ग वाले का कार्यक्रम रखा गया है। उपसरपंच टाकेश सिन्हा ने उक्त आयोजन में आसपास के ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में आकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## विजय दिवस की शाम होगी शहीदों के नाम

**राजनांदगांव।** वर्ष 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध के दौरान भारत के वीर जवानों की विजय गाथा को लेकर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन राजनांदगांव द्वारा शहर के पद्मश्री गोविंदराम निर्माण कर ऑडिटोरियम में विजय दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें एक शाम शहीदों के नाम का विशेष आयोजन होगा।

आयोजन को लेकर भूतपूर्व सैनिक कल्याण संगठन के रिटायर्ड सूबेदार मेजर राजेश शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष 16 दिसंबर को विजय दिवस समारोह का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष भी 16 दिसंबर की सुबह 10 बजे शहर के गौरव स्थल पर दीप प्रज्वलन के साथ श्रद्धांजलि सभा से आयोजन की शुरूआत होगी। वहीं दोपहर 01 बजे से पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में देशभक्ति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होगी।

#### युद्ध के हीरो होंगे मुख्य अतिथि

विजय दिवस समारोह के आयोजन में भारत-पाकिस्तान युद्ध में शामिल रहे राजनांदगांव के हीरोज रिटायर्ड कैप्टन आरकेएस भारद्वाज, मास्टर वारंट अफसर एमआर डड़सेना, नायक श्याम राव खोटेले, सिपाही कमलकांत दत्ता, सिपाही भगवान सिंह मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्षता महापौर हेमा देशमुख, विशिष्ट अतिथि के रूप में खूबचंद पारख, मधुसूदन यादव, रमेश पटेल, नीलू शर्मा, गीता घासी साहू, किशुन यद्दु, सचिन बघेल, कोमल सिंह राजपूत, कुलबीर सिंह छाबड़ा, जितेंद्र मुदलियार, सचिन अग्रहरि, अंजुम अल्वी, वीरेंद्र चौहान, नंदकिशोर खंडेलवाल, राजा माखिजा सहित अन्य अतिथिगण उपस्थित रहेंगे।

## बदल गई कद-काठी, 32 साल बाद मिले सहपाठी

**राजनांदगांव।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला तुमड़ीबोड़ में छात्र मिलन समारोह साइंस एंड आर्ट ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें 1992 के समस्त विद्यार्थी एकजुट हुए और बचपन के दिनों की यादों को ताजा किया।




इस कार्यक्रम के अतिथि आशा धारगवे सेवानिवृत प्राचार्य, कृष्ण कुमार जंघेल, कुशालराम शर्मा, श्रीमती अरुणा वर्मा, करण वर्मा, विजय कुमार अय्यर, नवीन कुमार महोबिया प्रधान पाठक पूर्व माध्यमिक शाला भेड़ीकला रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर मां शारदा के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया गया। कार्यक्रम को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य तत्कालीन छात्र-छात्राओं को एक मंच प्रदान करना। साथ ही विभिन्न रचनात्मक एवं सहयोगात्मक कार्य करना है। इस कार्यक्रम में लगभग 40 छात्र-छात्राएं अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे।

#### दिवंगत शिक्षक और सहपाठियों को श्रद्धांजलि

कार्यक्रम अवसर पर तत्कालीन प्राचार्य स्वर्गीय प्रवीणचंद्र बनवार, स्वर्गीय नेमीचंद जैन एवं तत्कालीन समय के स्वर्गीय सहपाठियों को 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति

कार्यक्रम के अवसर पर शासकीय प्राथमिक शाला तुमड़ीबोड़ के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर उपस्थित पूर्व छात्र-छात्राओं द्वारा अपने परिचय के साथ-साथ अपने जीवन की समस्याओं एवं उससे मुकाबला कर अपने लक्ष्य को कैसे प्राप्त किया, यह बताया गया। कार्यक्रम का संचालन हीरालाल साहू एवं रेशुलाल सिन्हा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अश्वनी कुमार साहू, खलील अहमद, रिशु लाल सिंह, गीतालाल साहू, रमेश कुमार साहू, संतोष कुमार भट्टाचार्य, हरिशचंद्र साहू, ज्ञानचंद साहू, अनुसूया साहू, जशोमती साहू, ढालसिंह साहू, एमनलाल साहू, भूपेश कुमार जंघेल, छत्रसाल जंघेल, विजय कुमार सिन्हा, विजय कुमार देवांगन, झनकलाल साहू, हेमलाल लाऊत्रे, शाहिद खान, देवनारायण सिंह, आनंद कुमार विश्वकर्मा, भेखजराम साहू, धर्मेंद्र देवांगन, हीरालाल साहू, हीरामन साहू, मोहनराम वर्मा, पितांबर साहू, रमेशदास साहू, बुद्धदेव वर्मा, यशोदा साहू, नेतराम वर्मा, पुष्पांजलि साहू उपस्थित रहे।



## खबर संक्षेप

### क्षेत्र में वन-चौपाल कार्यक्रम आयोजित कर प्रशासन की योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी



**हरिभूमि कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन के सफलतापूर्वक एक वर्ष पूर्ण होने पर वन-चौपाल एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 09 से 20 दिसम्बर तक कवर्धा वनमंडल अंतर्गत परिक्षेत्रों में विविध कार्यक्रम आयोजित कर शासन की योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में आम नागरिकों जानकारी प्रदाय किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधिगण एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में एक पेड़ माँ के नाम योजना के तहत वृक्षारोपण किया गया। वहीं गुरुवार को कवर्धा वनमंडल अंतर्गत परिक्षेत्रे में वन-चौपाल एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित कर सुशासन की एक वर्ष की उपलब्धि विषय पर जानकारी दी गई। वन परिक्षेत्र सहसपुर लोहारा के सोनझरी वृत्त अंतर्गत वन प्रबंधन समिति जरहा, नवागांव, मोहनपुर वृत्त अंतर्गत वन प्रबंधन समिति तेलीटोला, भालापुर वृत्त अंतर्गत भालापुर समिति, वन परिक्षेत्र तरेगांव के तरेगांव वृत्त अंतर्गत तरेगांव समिति, बोक्करखार वृत्त अंतर्गत आमापानी, बदनापानी समिति, वन परिक्षेत्र पंडरिया पश्चिम के पाण्डातराई वृत्त अंतर्गत मुनमुना, रोखनी समिति, कुकदूर वृत्त अंतर्गत भंगीटोला समिति, वन परिक्षेत्र पंडरिया पूर्व के कोदवा वृत्त अंतर्गत मलकछरा, नवापारा, अंजवाईबाह, रमनगुड़ा, टकटोईया समिति आदि स्थानों में वृक्षारोपण एवं वन चौपाल कार्यक्रम आयोजित किया गया तथा वहां उपस्थित ग्रामीणों को शासन की योजनाओं एवं उपलब्धियों के बारे में जानकारी प्रदाय की गई। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि गण, वृत्त प्रभारी, परिसर रक्षक, पुलिस विभाग के कर्मचारी गण एवं ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### भोरमदेव शक्कर कारखाना परिसर में भवन निर्माण कार्य शुरू किसानों को मिलेगा लाभ

**हरिभूमि बरबसपुर।** जिले के भोरमदेव शक्कर कारखाना परिषर में नव-निर्मित भवन निर्माण की सौंगात मिलने से ग्रामीण गन्ना किसानों में उत्साह का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कारखाना परिषर में किसान भवन नव-निर्माण की कॉलम गड्ढे की खुदाई साथ ही साथ नव निर्मित भवन निर्माण का कार्य जोर शोर से किया जा रहा है। शक्कर कारखाना परिषर में जल्द किसान भवन का निर्मित होने से आसपास क्षेत्र के ग्रामीण किसानों को बुनियादी सुविधा व राहत मिलेगी। ग्रामीणों ने बताया कि भवन निर्माण कार्य की स्वीकृति लगभग 25 लाख लागत राशि से निर्माण किया जा रहा है वहीं भवन निर्माण की तैयारी ठेकेदार द्वारा जोर शोर से किया जा रहा है साथ ही साथ किसानों में उत्साह का माहौल है।


**न्यायालय तहसीलदार कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

ई कोर्ट नंबर 202410080200027 / ब-121/2024-25
ग्राम-कवर्धा, प.ह.नं.13

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिहर कौशिक एवं अन्य लोधी समाज, निवासी ग्राम कवर्धा, तह.-कवर्धा, जिला-कबीरधाम द्वारा ग्राम कवर्धा प.ह.नं. 13 तहसील-कवर्धा, जिला-कबीरधाम स्थित भूमि खसरा नंबर 334 रकबा 1.084 हेक्ट. में से रकबा 0.50 एकड़ सामाजिक भवन हेतु आबंटित किये जाने की मांग किया गया है, जो कि आवश्यक कार्यवाही हेतु अनुविभागीय अधिकारी रा. कवर्धा के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को दावा/आपत्ति पेश करना हो तो दिनांक 25.12.2024 को प्रातः 10.00 बजे तक मेरे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति पेश कर सकते है।

उपरोक्त तिथि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नही किया जावेगा। आज दिनांक 06.12.2024 को मेरे न्यायालय की मुंहर एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 06.12.2024

मुहर

तहसीलदार कवर्धा
जिला-कबीरधाम


### संत सियाराम बाबा को भक्तों ने दी श्रद्धांजलि



**हरिभूमि कोलेगांव।** संत सियाराम बाबा का आकस्मिक निधन बुधवार को हो जाने से प्रदेश सहित क्षेत्र में भारी शोक व्यक्त है। संत सियाराम बाबा श्री राम व हनुमान जी महाराज के भक्त होने के कारण पूरे क्षेत्र में संत बाबा सियाराम को श्रीराम हनुमान के रूप में पूजनीय मानते थे। उनके आकस्मिक निधन होने से प्रदेश व क्षेत्र में शोक का माहौल है। वहीं क्षेत्र के शंभू प्रसाद शर्मा, पवन शर्मा, भीष्म शर्मा, शैलेंद्र शर्मा, सुरेश शर्मा, श्रीमती नंदिनी, अंबिका मिश्रा, श्रीमती मंदाकिनी, संतोष दुबे, श्रीमती कल्पना, प्रवीण दुबे, श्रीमती सुधा व सानू तिवारी ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## बच्चों के विकास को प्रभावित करने वाली गंभीर समस्या बाल विवाह

# महिला एवं बाल विकास विभाग का जन-जागरुकता अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



महिला बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के लिए जगह जगह जागरूकता कार्यक्रम चलाए जा रहें है, इसी कड़ी जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा व आनंद तिवारी जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में मिशन वात्सल्य चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में बच्चों को बाल विवाह के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान बाल संरक्षण टीम ने बाल विवाह विषय पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान का शुभारंभ किया गया। बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ के लिए प्रभावी रोकथाम हेतु जिले में लगातार जन जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार, ऐसा विवाह जिसमें वर जिसकी आयु 21 वर्ष से कम हो व वधू जिसकी आयु 18 वर्ष से कम हो शामिल हों, बाल विवाह माना जाएगा। बाल विवाह एक सामाजिक कुप्रथा है, जिसके पीछे सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक या प्रेम प्रसंग जैसे विभिन्न कारण हो सकते हैं। इसे समाप्त करने के लिए विमर्श और जागरूकता के माध्यम से सकारात्मक वातावरण तैयार करना आवश्यक है। बाल विवाह बच्चों के अधिकारों और उनके विकास को प्रभावित करता है। यह एक गंभीर समस्या है, जिसे रोकने के लिए सामाजिक व कानूनी और आर्थिक स्तर पर जन जागरूकता बढ़ाना अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिला बाल संरक्षण अधिकारी के नेतृत्व में चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 टीम द्वारा जिले के विभिन्न स्कूलों, क्षेत्र व गांव में जन जागरूकता अभियान किया जा रहा है। इस जागरूकता अभियान में सत्यनारायण राठौर जिला बाल संरक्षण अधिकारी, कामती सिंह परिहार प्राचार्य शासकीय गजानंद माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा, राजाराम चंद्रवंशी संरक्षण अधिकारी, विभा बक्शी परिवीक्षा अधिकारी, अविनाश सिंह ठाकुर परामर्शदाता, सुरेश साहू, परमेश्वर धुर्वे, महेश निर्मलकर, नितिन किशोरी वर्मा, विनय कुमार जंघेल, रामलाल पटेल, शारदा निर्मलकर, आरती यादव, एवं महाविद्यालय सहसपुर लोहारा के प्राध्यापक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

### बाल विवाह करने तथा करवाने वाले को होगी सजा

इस जन जागरूकता अभियान के दौरान बताया गया कि यदि 18 वर्ष से अधिक आयु का पुरुष 18 वर्ष से कम आयु की महिला से विवाह करता है, तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा एक लाख रुपए तक जुर्माना या दोनों सजा दी जा सकती है। इसके अतिरिक्त, जो व्यक्ति बाल विवाह करता है व करवाता है या इसमें सहायता करता है, उसे भी 2 वर्ष तक की कठोर कारावास अथवा एक लाख रुपए तक जुर्माना या दोनों से दंडित किया जा सकता है।



# क्षेत्र में जिला सहकारी बैंक खोले जाने ग्रामीणों ने की मांग

■ कुण्डा क्षेत्र में एक ही बैंक होने से ग्रामीणों की बढ़ी दिक्कते।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत ग्राम कुण्डा क्षेत्र में एक ही जिला सहकारी बैंक होने के कारण आसपास क्षेत्र के किसानों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि कुण्डा क्षेत्र में एक ही जिला सहकारी बैंक होने से ग्रामीण किसानों को लेन-देन कार्य में भारी परेशानी होती है, इस समस्या को देखते हुए क्षेत्र के ग्रामीण किसानों ने जिला सहकारी बैंक खोले जाने की मांग की गई ताकि ग्रामीण किसानों को लेन-देन कार्य में सुविधा व राहत मिले सकें। जिससे ग्राम कोलेगांव, अमलीमालगी, कुआंमालगी, रूसे, कंझेटा, सेमरकोना, निगापुर, दामापुर, धनेली, भगतपुर, पीपरमाटी, घोरपेंण्ड्री, भट्टरूसे, मोहतरा, सोमनापुर, सौहामालगी, कोयलारी, मोटेसरा, पटवा, जैतपुरी, कोदवा सहित कापा के ग्रामीण किसानों को क्षेत्र में जिला सहकारी बैंक खोल जाने से लेन देन कार्य में आसानी होगी। वहीं क्षेत्र के ग्रामीण किसानों में एक बार फिर क्षेत्र में जिला सहकारी बैंक खोले जाने की मांग की गई जिससे समस्याओं से निजात व किसानों को लेन-देन में सुविधा हो सकें।

## अभाविप कार्यकर्ताओं ने सुंदूर वनांचल क्षेत्र में किया कंबल वितरण



**हरिभूमि कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा बढ़ते शीतलहर को ध्यान में रखते हुए सुंदूर वनांचल क्षेत्रों में सेवा कार्य करते हुए विशेष थीम के तहत अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें वनांचल गांवों में पहुंचकर जनजाति समाज के सभी वर्गो को कंबल एवं दैनिक उपयोग भेंट की गई। अभाविप प्रदेश सहमंत्री एवं जिला संयोजक तुषार चन्द्रवंशी ने बताया कि कबीरधाम अंचल का अधिकांश भाग वनों से घिरा हुआ है, जहां विशेष जनजाति परिवार निवासरत है। अभाविप के सेवा कार्य आयाम सेवार्थ विद्यार्थी के माध्यम से प्रत्येक तीज-त्यौहार में जनजाति परिवार के बीच पहुंचकर खुशियां बांटने का काम करते हैं। इसी क्रम में बढ़ते ठंड को देखते हुए अभाविप के कार्यकर्ताओं ने वनांचल गांवों में संघन दौरा कर गांव शिक्षा की स्थिति की जानकारी लेते हुए गर्म वस्त्र भेंट किया। उक्त कार्यक्रम में तुलसी यादव, गोपाल जायसवाल, कालेश्वर निर्मलकर, मानस मिश्रा, रामलाल, भागवत विश्वकर्मा, तुषार चन्द्रवंशी सहित कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

## नवनिर्मित उप-स्वास्थ्य केन्द्र भवन का किया लोकार्पणः विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

ग्राम कोलेगांव में नव-निर्मित उप-स्वास्थ्य केंद्र भवन का लोकार्पण कार्य पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा के कर कमलों से लोकार्पण किया गया। वहीं ग्राम कोलेगांव वासियों ने मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती भावना बोहरा का भव्य गाजे बाजे व पटाखे एवं फुल माला से साथ भव्य स्वागत किया गया। तत्पश्चात विधायक श्रीमती बोहरा द्वारा मां सरस्वती की तैल चित्र में विधि विधान से पूजा-अर्चना कर किया गया एवं उप स्वास्थ्य केंद्र नवनिर्मित भवन का फीता काटकर लोकार्पण किया गया। श्रीमती बोहरा ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नवनिर्मित स्वास्थ्य केन्द्र से अब क्षेत्र के लोगों को कही दूर नही जाना पड़ेगा लगातार स्वास्थ्य सुविधा का विस्तार किया जा रहा है जिससे क्षेत्र के महिलाओं को डिलवरी साथ ही साथ विविध सुविधा ग्रामवासियों को मिलेगी। इस दौरान रामाधार शर्मा, मुकेश ठाकुर, समुद्र सेवाराम कुर्रे, अश्वनी यदु, सुरेश दुबे, विकास पाण्डेय, श्रीमती अंजलि कृष्ण चंद्राकर, मोहन चंद्रवंशी, अमन खनूजा, परमेश्वर साहू, संतोष, डॉ श्रवण साहू, गीताराम साहू, कपिल चंद्राकर, दिनेश चंद्रवंशी, मनहरण साहू सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## 68वें राष्ट्रीय व्हॉलीवॉल में शामिल हुई क्षेत्र के खिलाड़ी



**हरिभूमि कवर्धा।** 68वें राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा व्हॉलीवॉल छत्तीसगढ़ की टीम माध्यमिक विभाग की प्रतियोगिता 10 से 14 दिसम्बर तक वाराणसी उत्तरप्रदेश में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें बालक वर्ग में 1 मैच महाराष्ट्र से 1 सेट 25, 22 से 2 सेट 25, 20 व 3 सेट 25, 18 से सीधे सेटो में विजयी रहें। वहीं 2 मैच पाण्डुचेरी से 1 सेट 25, 16 2 सेट 25, 10 तथा सेट 25, 13 से सीधे सेटो में विजयी प्राप्त कर प्री क्वाटर मैच वहीं बालिका का टीम 1 मैच चंडीगढ़ से 1 सेट 25, 11 से, 2 सेट 25,10 व 3 सेट 25,12 से विजयी रहें। 2 मैच दिल्ली से 1 सेट 25, 16 से 2 सेट 25, 22 तथा 3 सेट 25,10 से विजय रहा साथ ही साथ 3 मैच झारखंड से 1 सेट 23, 25 से 2 सेट 25, 19 एवं 3 सेट 25, 11 4 सेट 20, 25 से 5 सेट 12, 15 से हार का सामना करना पड़ा। जिसमें पुल टॉपर रहा प्री क्वाटर मैच खेलेगी, टीम 14 वर्ष व्हॉलीवॉल बालक टीम कोच राजेश साहू, मैनेजर भवानी चरण सामल व कप्तान अब्दुला, रुद्रराज फुलझले, रायपुर से सोमारु कुंजाम, राकेश वेट्टी, अर्चन कुमार, बस्तर से हर्षिता मांडवी, नवदीप तिवारी, अर्श खान कबीरधाम से, राजवीर सिंहा, प्रिंस साहू, बिलासपुर से हरमेंदर सिंहा, रोहन विश्वकर्मा वहीं बालिका टीम कोच जगतारण झरिया, मैनेजर ललिता नायक कप्तान रंजिता, लिमी, हेमलता, रिंकी, मांगती, बस्तर से आर्य राजपूत, अनामिका पटेल, कबीरधाम से चंद्रमुखी बेक, पूजा रजवाड़े, सरगुजा से रितिका लहरे, बिलासपुर मान्य व दुर्ग से दिलेश्वरी पाल रायपुर से टीम का दल प्रबंधकअश्वनी चंद्राकर शामिल हुए।

## जेवड़न खुर्द धान खरीदी केन्द्र में धान उठाव कार्य जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जेवड़न खुर्द धान खरीदी केन्द्र में धान का उठाव जोर शोर से किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार आसपास क्षेत्र के 9 गांव के ग्रामीण किसान द्वारा जेवड़न खुर्द धान खरीदी केन्द्र पहुंचते है। वहीं क्षेत्र में 14 नवम्बर से 11-12 दिसम्बर तक 14500 क्विंटल धान बेचा गया, जिसमें 351 किसान धान बेचा वहीं परिवहन तथा धान की उठाव जोर शोर किया जा रहा है। जेवड़न खुर्द धान खरीदी केंद्र से 1500 क्विंटल धान का उठाव हो चुका है वहीं परिवहन होने से ग्रामीण किसानों को किसी प्रकार की कोई परेशानियां नही हो रही है।


**पाठक सूचना**

कवर्धा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425554555, 8889139071


## पंडरिया विस व छत्तीसगढ़ में तीव्र गति से हो रहा विकासः विधायक

# भाजपा सरकार के सेवा, सुशासन एवं जन-कल्याण के एक वर्ष में छत्तीसगढ़ की बदली तस्वीरः भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



13 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने एक वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस एक वर्ष में भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में किए बहुत से वादों को पूरा किया वहीं प्रदेश में विकास की गति ने भी रफ्तार पकड़ी है। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने कहा कि भाजपा सरकार के सेवा, सुशासन एवं जनकल्याण के वर्ष में छत्तीसगढ़ की तस्वीर बदली है। विगत पांच वर्षो में छत्तीसगढ़ कांग्रेस सरकार में बदहाली झेल रहा था, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आज एक वर्ष पूर्ण होने पर वही छत्तीसगढ़ खुशहाली व समृद्धि की ओर डबल इंजन की गति से आगे बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ के साथ-साथ पंडरिया विधानसभा में भी विकास की गति तेज हुई है। हमने भावना दीदी की गारंटी में जो संकल्प किए हैं वह भी धरातल पर उतर रहें हैं और जनता को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल रहा है। उन्होने कहा कि भावना दीदी की गारंटी में पंडरिया विधानसभा में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार हेतु निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत करने का संकल्प किया था, आज पूरे विधानसभा में 24 घंटे 7 दिन 8 निःशुल्क एम्बुलेंस सेवा से हजारों परिवारों को लाभ मिल रहा है। जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करने एवं क्षेत्र की प्रगति में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आज विधानसभा के 7 स्थानों में जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केन्द्र की स्थापना की है। क्षेत्र के युवाओं को 1 जनवरी 2025 से आईआईटी-जी, नीट एवं सीजीपीएससी की निःशुल्क कोचिंग शुरू करने जा रहें हैं। साथ ही महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं के लिए तीन निःशुल्क बस सेवा भी अनवरत जारी है। किसान हित को देखते हुए सुतियापाट नहर विस्तारीकरण की मांग को लेकर लगातार संघर्ष किया और भाजपा की सरकार बनते ही हमारा वह संघर्ष सफल हुआ। आज सुतियापाट नहर विस्तारीकरण कार्य प्रगति पर है जिससे क्षेत्र के 26 से अधिक गांव के किसानों को सिंचाई के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति होगी। अधोसंरचना विकास के लिए हम प्रतिबद्धता से कार्य कर रहे हैं। पंडरिया विधानसभा में 220 किलोमीटर लंबाई के 181 मार्गों की 183 करोड़ रुपए की लागत से निर्माण कार्य को स्वीकृति मिली है व कार्य प्रगति पर हैं। अधोसंरचना विकास के तहत नगर पंचायत पंडरिया में 2 करोड़ 65 लाख, नगर पंचायत पाण्डातराई में 2 करोड़ 35 लाख और नगर पंचायत इंदौरी में 1 करोड़ 50 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। इससे अधोसंरचना विकास, सड़कों का विस्तार, सौंदर्यीकरण, चौक-चौराहों का निर्माण व जनता की मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। विधानसभा के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में सड़कों के विस्तार हेतु पीएम जनमन योजना के तहत 22 सड़कों के निर्माण हेतु 58 करोड़ 25 लाख रुपए एवं 3342 आवासों को स्वीकृति मिली है।

### मोदी की गारंटी व मुख्यमंत्री के सुशासन से नए कीर्तिमान स्थापित कर रहाः श्रीमती बोहरा

श्रीमती बोहरा ने कहा कि केवल एक वर्ष में पंडरिया विधानसभा में करोड़ों के विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। विधायक निधि अंतर्गत 4 करोड़ से अधिक, अनुपूरक बजट में बकेला के पास हाफ नदी में व्यपवर्तन योजना के तहत 60 करोड़ रुपए, मंडी बोर्ड के तहत 6 करोड़ से अधिक, समग्र शिक्षा अभियान के तहत शालाओं के विकास हेतु 2 करोड़ 50 लाख से अधिक, मुख्यमंत्री समग्र विकास एवं अधोसंरचना संधारण व उन्नयन प्राधिकरण के तहत लगभग 2 करोड़ जैसे करोड़ों के विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। यह सभी स्वीकृति से पंडरिया विधानसभा के हर क्षेत्र में सुविधाओं का विस्तार हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में भी छत्तीसगढ़ नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। भाजपा सरकार बनते ही हमने भ्रष्टाचार व अपराधियों को संरक्षण देने वालों पर कड़ा प्रहार किया। सीजी पीएससी में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले हों या शराब घोटाला, कोयला घोटाला, गोबर घोटाला और गौठान घोटाला करने वालों पर सख्त कार्यवाही की गई। महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रुपए देने के अपने वादे को पूरा किया आज महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को इसका लाभ मिल रहा है। किसानों के दो वर्ष का बकाया उन्हें दिया, 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की जा रही है, प्रदेश के 13 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को 55 सौ रुपए प्रति मानक बोरा मिल रहा है। उज्ज्वला योजना से धुएं से आजादी मिल रही, पीएम जनमन योजना से हमारे आदिवासी भाई-बहन विकास की मुख्य धारा से जुड़ रहें हैं। अधोसंरचना विकास तेज गति से आगे बढ़ रहे हैं। अपराध व अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही की जा रही है।


घर, खेत एवं प्लाट में पानी जांच करवाने के लिए संपर्क करें
देश के नंबर 1 ग्राउंड वाटर चेकर
Sorry bhai से
अधिक जानकारी के लिए हमारे यूट्यूब चैनल Kisan ka bore को सर्च करे...
मो.: 7000716599, 9301831212
बोर खुदाई करवाने से पहले पानी जांच अवश्य करवा ले

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

**कार्रवाई : आरोपी आरक्षक ने फिरौती वसूलने के लिए वारदात को दिया अंजाम**

# सरकारी इंसास राइफल व कारतूस चोरी करने वाला आरक्षक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) की 17वीं बटालियन के सरेखा मुख्यालय कैंप से गायब हुई एक नग इंसास राइफल, 20 राउंड कारतूस और एक मैगजीन की चोरी के मामले में कोतवाली पुलिस ने 17वीं बटालियन चिकपाल कैंप, थाना कटेकल्याण, जिला दंतेवाड़ा में पदस्थ एक आरक्षक को गिरफ्तार किया है।

पुलिस की माने तो आरोपी आरक्षक ने इस बारदार को फिरौती वसूलने की मंशा से अंजमा दिया था। जिसे अब पुलिस ने अपराध क्रमांक 689/2024, धारा 331(2), 305(ड.) बीएनए 2023 आईपीसी तथा अपराध क्रमांक 689/2024, धारा 331(2), 305(ड.) बीएनए 2023 आईपीसी के तहत गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय है कि गत 03 नवंबर की शाम को आरोपी नरोत्तम रात्रे ने सरेखा कैंप में चोरी-छिपे प्रवेश कर गार्ड रूम से इंसास राइफल, मैगजीन और कारतूस चोरी कर मौके से फरार हो गया था। इस चोरी का पता गार्ड रूम में ड्यूटी बदलने के दौरान चला। घटना के बाद थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 689/2024, धारा 331(2), 305(ड.) बीएनएय 2023 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया और पुलिस इस मामले की जांच में जुटी थी लेकिन उसे कहीं कोई सुराग नहीं मिल पा रहा था।

पुलिस की माने तो इसी बीच घटना के करीब तीन हफ्ते बाद, 06 दिसम्बर को आरोपी नरोत्तम रात्रे ने उस जवान को मैसेज करना शुरू किया, जिसकी राइफल चोरी हुई थी। आरोपी ने राइफल वापस करने के लिए 10 लाख रुपए की फिरौती मांगी। उसने अपनी पहचान छिपाने के लिए फर्जी सिम और मोबाइल का इस्तेमाल किया और बार-बार पैसे न देने पर गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी दी। जिसकी सूचना आरक्षक ने तत्काल अपने वरिष्ठ अधिकारियों और कवर्धा कोतवाली को दी। जिसके आधार पर थाना कवर्धा में एक और मामला, अपराध क्रमांक 752/2024, धारा 308(2)बीएनएस 2023 आईपीसी के तहत दर्ज किया गया और आरोपी द्वारा किए गए कॉल की ट्रेसिंग कर उसे उसके ठिकाने से दबोच लिया।




**जांच टीम का कार्य सराहनीय : एसपी**

इस गंभीर मामले की विवेचना के लिए पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल और पंकज पटेल, तथा प्रतीक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया। टीम में थाना प्रभारी कवर्धा लालजी सिन्हा, साइबर सेल प्रभारी आशीष कंसारी, चंद्रकांत तिवारी और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। टीम ने तकनीकी विशेषज्ञता और सटीक रणनीति का उपयोग करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया, समयबद्ध कार्रवाई और टीमवर्क के माध्यम से इस जटिल मामले को सुलझाया गया। चोरी की गई राइफल की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी में शामिल सभी अधिकारियों का योगदान सराहनीय है।

**आरोपी का साथी भी गिरफ्तार**

पुलिस ने जांच में पाया कि आरोपी नरोत्तम रात्रे 17वीं बटालियन का आरक्षक है, जो वर्तमान में चिकपाल कैंप, थाना कटेकल्याण, जिला दंतेवाड़ा में तैनात है। उसका स्थायी निवास ग्राम धाबाडीह, थाना लवन, जिला बलौदाबाजार है। आरोपी ऑनलाइन जुआ खेलने का आदी था और 4 लाख रुपए के कर्ज में डूबा हुआ था। उसने इस कर्ज को चुकाने के लिए घटना की योजना बनाई। विशेष जांच टीम ने आरोपी का फर्जी सिम उपलब्ध कराने वाले साथी सुकित केसरवानी को भी गिरफ्तार किया, जो वार्ड नंबर-11, गोधापारा, थाना शिवरीनारायण का निवासी है। आरोपी और उसके साथी से पूछताछ के बाद चोरी की गई इंसास राइफल, 20 राउंड कारतूस और मैगजीन को बरामद कर लिया गया।

# पीजी कॉलेज कवर्धा में गबन के आरोप में अब लेखापाल भी निलंबित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, नवा रायपुर, अटल नगर छत्तीसगढ़ ने आचार्य, पंत श्री ग्रंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा में उजागर हुए जनभागदारी मद में किए गए घोटाले के आरोप में जांच प्रतिवेदन के आधार पर अब महाविद्यालय में पदस्थ प्रमोद वर्मा, सहायक ग्रेड-02 तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जबकि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीएस चौहान को पहले ही निलंबित कर दिया गया है। आयुक्त ने अपने जारी आदेश में कहा है कि जांच टीम द्वारा जांच उपरांत पेश किए गए प्राथमिक जांच में पाया गया कि प्रमोद वर्मा, के द्वारा जनभागीदारी, पीडीएएफ स्ववित्तीय एवं डिपाजिट की कुल 62.41 लाख रूपए का आहरण कर गबन करने में डॉ. बीएस चौहान महाविद्यालय के तत्कालीन प्राचार्य के साथ सहभागिता रही है तथा श्री वर्मा द्वारा इन खातों का संधारण भी नहीं किया गया है। यह गंभीर वित्तीय अनियमितता है। आदेश में कहा गया है कि प्रमोद वर्मा, सहायक ग्रेड-02 द्वारा किया गया उक्त कृत्य नियमों की अवहेलना एवं शासकीय कार्य के प्रति घोर लापरवाही को दर्शाता है। जो कि छ.ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम-3 का स्पष्ट उल्लंघन है। उक्त कृत्यों के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-14 के अंतर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही किया जाना अपेक्षित है। प्रमोद वर्मा, सहायक ग्रेड-02 को उनके उक्त कृत्यों के लिए छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम-9 के तहत तत्काल प्रभाव से सेवा से निलंबित करते हुए निलंबन काल में उनका मुख्यालय शासकीय जेएलएन स्नातकोत्तर महाविद्यालय बेमेतरा जिला बेमेतरा (छ.ग.) निर्धारित किया जाता है। निलंबन अवधि में इन्हें मूल नियम 53 के तहत नियमानुसार निर्वाह भत्ता देय होगा।

**खबर संक्षेप**

## खेड़ापति हनुमान मंदिर में ग्रंथि पूजा आज



**कवर्धा।** श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में 13 दिसंबर को शुक्ल त्रयोदशी पर ग्रंथि पूजा कार्यक्रम होगा। इस दिन मंदिर में भगवान को मालपुआ का भोग चढ़ाया जाएगा। फिर वही भक्तों को प्रसाद स्वरूप बांटेंगे। मंदिर समिति पूजा कार्यक्रम की तैयारी में जुट गई है। मंदिर में पिछले 27 साल से अधिक समय से ग्रंथि पूजा का आयोजन किया जा रहा है। श्री खेड़ापति मंदिर के पुजारी पं. चंद्रकिरण तिवारी ने बताया कि 13 दिसंबर को मंदिर में सुबह 6 बजे वेदी पूजा, कलश स्थापना, गौरी गणेश पूजा, नवग्रह मंडल पूजा और ग्रंथि पूजा की जाएगी। इसके बाद सुबह 7.30 बजे सामूहिक पूजा होगी। वहीं 11 बजे हवन फिर श्री खेड़ापति हनुमान जी को महाप्रसाद का भोग लगाया जाएगा। मंदिर में रात 11.30 बजे तक ग्रंथि पूजा होगी। बताते हैं कि इस दिन कष्ट निवारण और मनोकामना के लिए विशेष पूजन होती है। विशेष पूजन के साथ ही पीला धागा में मंत्र पढ़कर 13 गांठ बांधते हैं।

## जिले में अवैध धान परिवहन पर सख्ती

**कवर्धा।** कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर कबीरधाम जिले में अवैध धान परिवहन पर कड़ी कार्रवाई जारी है। धान उपार्जन केंद्रों में कोचियों और बिचौलियों के माध्यम से धान लाने की कोशिशों पर प्रशासन की पैनी नजर है। इसी क्रम में रेंगाखार क्षेत्र के सिवनी खुर्द चेक पोस्ट पर बीती रात तहसीलदार अखिलेश ध्रुव ने औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान तीन गाड़ियों को अवैध धान लाते हुए पकड़ा गया। वाहनों में लदे धान की जांच की गई, जिसमें पिकअप वाहन सीजी 07सी 5565 पर 28 क्विंटल, माजदा वाहन में 40 क्विंटल, और पिकअप वाहन सीजी 07बीयू 9241 पर 20 क्विंटल धान लदा हुआ मिला। यह धान मध्यप्रदेश के बिटली और मंडाई गांव से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा था, जिसे रेंगाखार क्षेत्र की समितियों में बेचने का प्रयास था। मौके पर तहसीलदार ने तुरंत कार्रवाई करते हुए धान को जप्त कर थाने में सुपुर्द कर दिया। जप्त धान पर मंडी निरीक्षक पवन शर्मा ने मंडी अधिनियम के तहत विधिवत कार्रवाई की। प्रशासन ने जिले में अवैध धान परिवहन पर सख्ती जारी रखते हुए स्पष्ट किया कि ऐसी गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कबीरधाम में औचक निरीक्षण और निगरानी लगातार जारी रहेगी।

# न्यायालय के आदेश पर खोदी गई शिवप्रसाद साहू की कब्र

## मृतक की बेटी द्वारा रि-पीएम की मांग पर कार्रवाई




- तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया गया कब्र खोदने का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

देर से ही सही पर मृतक शिवप्रसाद साहू उर्फ कचरू साहू की बेटी द्वारा मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय में लगाई गई अपने मृतक पिता के रि-पोस्ट मार्टम संबंधी याचिका की सुनवाई उपरांत दिए गए आदेश पर अमल करते हुए गुरूवार को बालाघाट जिले की पुलिस ने कबीरधाम जिले के रेंगाखार जंगल थाना क्षेत्र के ग्राम लोहारीडीह पहुंचकर शिवप्रसाद साहू उर्फ कचरू साहू की कब्र खोदी है और उसके शव को बाहर निकालकर रि-पोस्ट मार्टम के लिए भेजा गया है। बताया जाता है कि इस दौरान पुलिस प्रशासन द्वारा मौके पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। गौरतलब है कि जिले लोहारीडीह निवासी शिवकुमार साहू की गत 14 सितम्बर की दरमियानी रात हत्या कर उसके शव को मध्यप्रदेश के बिरसा थाना क्षेत्र के ग्राम बीसाटोला में साक्ष्य छिपाने की नियत से एक पेड़ में फांसी का फंदा कस कर लटका दिया गया था। जिसकी सूचना के बाद बिरसा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक का शव बरामद किया था और प्राथमिक पीएम रिपोर्ट में इस हत्या को आत्महत्या करा दे दिया था। लेकिन मृतक शिवप्रसाद साहू के परिजन और उसकी बेटी इसे आत्महत्या मानने को तैयार नहीं थी। जिसके बाद उसने मध्यप्रदेश के उच्च न्यायालय में अपने पिता के रि-मोस्ट मार्टम के लिए एक याचिका दायर की थी। जिस पर सुनवाई करने हुए न्यायालय ने पुनः पीएम के आदेश दिए थे। काफी देर से ही सही पर इस घटना के करीब 83 दिन बाद अब न्यायालय के आदेश पर प्रशासन द्वारा शिवप्रसाद साहू उर्फ कचरू साहू की कब्र को खोदकर मृतक के शव को निकाला गया है और रि-पोस्ट मार्टम की तैयारी की जा रही है। हालांकि यहां बताना लाजिमी होगा कि इस रि-पोस्ट मार्टम के पहले ही पुलिस ने यह मान लिया है कि शिवप्रसाद साहू उर्फ कचरू ने आत्महत्या नहीं बल्कि उसकी हत्या की गई थी। पुलिस ने शिवप्रसाद की हत्या के आरोप में संभवतः चार आरोपियों को गरिफ्तार भी कर लिया है। अब इस रि-पोस्ट मार्टम से और क्या नए तथ्य निकलकर सामने आते हैं यह देखने वाली बात होगी।

**लोहारीडीह में पुलिस से मारपीट के 23 आरोपियों को मिली जमानत**

लोहारीडीह मामले में दूसरा घटनाक्रम यह सामने आया है कि इस मामले में 23 ग्रामीणों को न्यायालय से जमानत मिल गई है और अब उन्हें जेल से रिहा कर दिया गया है। गौरतलब है कि लोहारीडीह अग्रिकाण्ड व हत्या के आरोप में पुलिस ने 166 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया था, जिसमें 33 महिला सहित 69 लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वहीं हत्या व अग्रिकाण्ड के शक में बंद विचाराधीन कैदी प्रशांत साहू की जेल में मौत हो गई थी। रेंगाखार थाने में इन सभी के खिलाफ अलग-अलग कुल पांच मामलों में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। जिसके बाद कुछ आरोपी ग्रामीणों के परिजनो ने आईजी के समक्ष आदेवन प्रस्तुत किया था कि इस मामले में उनके परिजन निर्दोश है और उनको भी सलाखों के भीतर रखा गया। इस पर आईजी के निर्देश पर एक एसआईटी गठित की थी। जिसने अपनी जांच के बाद पाया था कि जिन आरोपियों के खिलाफ पांच अलग-अलग मामले दर्ज किए गए है उनमें से चार मामले हत्या व आगजनी में 23 लोगो के खिलाफ पुलिस कोई सबूत नहीं मिल पाए हैं। एसआईटी की इस रिपोर्ट के आधार पर पुलिस प्रशासन ने हाल ही में न्यायालय में इन 23 ग्रामीणों को चार मामलों में निर्दोष मानते हुए उनके खिलाफ दर्ज चार एफआईआर को समाप्त करने का आवेदन प्रस्तुत किया था। जबकि इन 23 ग्रामीणों पर पुलिस के साथ लोहारीडीह कांड में बदसलूकी और मारपीट का मामला यथावत रखा गया था। पुलिस प्रशासन की इस अर्जी पर अब सुनवाई करते हुए न्यायालय ने 23 ग्रामीणों को हत्या व आगजनी के मामले से पृथत करते हुए पुलिस के साथ मारपीट, पथराव के मामले में घटना के करीब 84 दिन बाद जमानत दे दी है।

# भारतीय किसान संघ और समितियों में तकरार

- 40 .70 किलो धान के तौल को लेकर दोनों आमने सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

बारदाना की किल्लत, धान उठाव की समस्या के बीच अब भारतीय किसान संघ और समितियों के बीच धान खरीदी में शासन द्वारा निर्धारित 40.700 किलो प्रति तौल को लेकर तकरार शुरू हो गई है। इस संबंध में भारतीय किसान संघ के प्रचार प्रमुख दिनेश चन्द्रवंशी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि भारतीय किसान संघ जिला कबीरधाम द्वारा धान खरीदी में शासन द्वारा निर्धारित नियमों का पालन कराने का प्रयास किया जा रहा है, जिसमें किसानों को प्रति तौल में 40.700 किलों देने का मानक तय हुआ है, किन्तु जिला सहकारी समिति कर्मचारी संघ द्वारा इसका विरोध किया जा रहा है। उनका तर्क है कि चधान का उठाव समय से नहीं होता है इसलिए धान का सुखद आदि की वजह से वजन में कमी होती है। ऐसी स्थिति में किसानों को इसकी भरपाई करते हुए अधिक वजन में धान का तौलाई करवाना चाहिए तथा किसानों से प्रति तौल तय मात्रा से आधा से 1 किलो अधिक धान समितियों के द्वारा तौला जा रहा है। श्री चन्द्रवंशी ने कहा कि भारतीय किसान संघ इसका विरोध करता है तथा किसानों से शासन के नियम अनुरूप 40 किलो धान तथा बारदानों का वजन सहित 1 तौल में धान देने का आव्हान करता है। उन्होने कहा कि नए तथा पुराने कट्टों को मिलाकर उसका औसत वजन 600 ग्राम के लगभग होता है, अतः समितियों में किसानों को नियम के अनुसार अधिकतम 40 किलो 700 ग्राम देना चाहिए। समितियों द्वारा किसानों से अधिक धान लेना नियम के विरूध्द है, धान तौल होने के पश्चात होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए किसान जवाबदार नहीं है तथा उसकी भरपाई किसानों से नहीं करवाई जानी चाहिए। भारतीय किसान संघ ने इस संबंध में जिला प्रशासन से मांग की है कि प्रत्येक समितियों में किसानों को बारदाना सहित किसानों को कितना धान देना है इसकी सूचना धान खरीदी केन्द्रों के दिवालों में चस्पा करवाई जानी चाहिए तथा शासन यह सुनिश्चित करें कि समितियों में किसानों से तय मात्रा से अधिक धान नहीं लिया जाए। इस विषय को लेकर गुरूवार को बलराम भवन कवर्धा में भारतीय किसान संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्रवंशी, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संजय साहू, नंदकुमार चंद्रवंशी, जिलाध्यक्ष डोमन चंद्रवंशी जिला उपाध्यक्ष अदिति कश्यप उपस्थित की उपस्थिति में विस्तृत चर्चा की गई।

## आस्था समिति द्वारा बोहिल में बैगा बाल महोत्सव का आयोजन




**कवर्धा।** आस्था समिति द्वारा कबीरधाम जिले की पंडरिया विकासखंड में स्थित मैकल पर्वत श्रेणी की सुदूर वनांचल विशेष पिछड़ी बैगा जनजाति क्षेत्र के ग्राम बोहिल ग्राम पंचायत आगरपानी में दो दिवसीय बैगा बाल महोत्सव आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बैगा बच्चों को पर्यावरण, स्वच्छता, स्वास्थ्य, संस्कृति, खेलकूद का गतिविधि, बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार पर लोगों को जागरूक किया गया। जिसमें दौलत राम कश्यप अध्यक्ष आस्था समिति ने बताया कि बैगा बाल महोत्सव 09 वर्ष से मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में संस्था की गतिविधि एवं विशेष पिछड़े जनजाति बैगाओं को आजीविका, स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं संस्कृति के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में गायत्री सिंह ने बताया कि शासन के योजना एवं स्वास्थ्य सेवाएं शासकीय अस्पताल में उपचार कराने जागरूक किया गया। लवन सिंह कंवर सहा. प्राध्यापक शासकीय कन्या महाविद्यालय कबीरधाम के द्वारा बताया गया कि आदिवासी की संस्कृति, रहन-सहन, परंपरा और बच्चों आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। मोईन जाफर हुसैन सामाजिक कार्यकर्ता एवं पूर्व लोकपाल के द्वारा बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण के बारे में जानकारी दिया। कार्यक्रम में खाद्यय एवं पोषण प्रदर्शनी लगाया गया। कार्यक्रम का सफल मंच संचालन उमाशंकर कश्यप सामाजिक कार्यकर्ता सदस्य आस्था समिति के द्वारा किया गया।

## स. लोहारा महाविद्यालय में अतिथि व्याख्यान का आयोजन




**स लोहारा।** शासकीय गजानन माधव मुक्तिबोध महाविद्यालय सहसपुर लोहारा में शुक्रवार को राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में स्व. ठाकुर महाराज सिंह शासकीय महाविद्यालय थान खमरिया, जिला बेमेतरा से ओमप्रकाश मरकाम, सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान उपस्थित थे। मुख्य अतिथि द्वारा भारतीय राजनीति के 75 वर्ष उपलब्धियां एवं चुनौतियां विषय पर व्याख्यान दिया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ. केएस परिहार(प्राचार्य), श्रीमती मोना बर्मन, सुश्री काजल साहू, सुश्री अंजू महोबिया, डॉ. ज्योति चंद्रवंशी, दीपक पटेल, रुपेश वर्मा, विवेक चौहान, गिरधारी वर्मा, सभी सहायक प्राध्यापक एवम राजनीति विज्ञान के सभी छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

**शिखर युवा मंच व जीव दया फाउंडेशन द्वारा किया जाएगा संयुक्त संचालन**

# बोड़ला के वनांचल ग्राम लब्दा में प्रारंभ किया पोषण केंद्र


हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बोड़ला ब्लॉक के ग्राम लब्दा में शिखर युवा मंच और जीव दया फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से पोषण केंद्र का संचालन प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्राम सरपंच मदन सिंह धुर्वे और ग्राम पटेल महादेव धुर्वे ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सचिव नेमी चंद टंडन, शिखर युवा मंच से संतोष साकत, ध्रुवे राम धुर्वे, श्रीमती कमलेसिन मसकोले, श्रीमती मानसी धुर्वे एवं वन अधिकार समिति के अध्यक्ष लखन सिंह धुर्वे सहित बड़ी संख्या में पालकों की उपस्थिति ने आयोजन को विशेष बना दिया। शुभारंभ समारोह के दौरान बच्चों को गणवेश और जूते वितरित किए गए। इसके साथ ही बच्चों को दूध और बिस्किट प्रदान किए गए, जिससे उनका उत्साह देखते ही बनता था। शिखर युवा मंच के प्रतिनिधि संतोष साकत ने पालकों को पोषण केंद्र की प्रक्रिया, इसके महत्व और बच्चों के विकास में इसकी भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने पालकों को अपने बच्चों को नियमित रूप से केंद्र भेजने और वहां की गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाने के लिए प्रेरित किया। पालकों के साथ एक विशेष सत्र आयोजित किया गया, जिसमें पोषण केंद्र के उद्देश्यों को विस्तार से समझाया गया। श्री साकत ने बताया कि यह केंद्र बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ उनके समग्र विकास में सहायक होगा। पालकों को यह भी सलाह दी गई कि वे बच्चों के आहार और स्वास्थ्य पर ध्यान दें और केंद्र की सेवाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। शिखर युवा मंच और जीव दया फाउंडेशन की यह पहल बाल कल्याण के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक कदम है, जो बच्चों के भविष्य को स्वस्थ और उज्ज्वल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# टीचर्स एसोसिएशन ने परीक्षा स्थगन पर उठाए सवाल, पड़ेगा विपरीत असर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा




छग टीचर्स एसोसिएशन ने अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रारम्भ होने के बाद अचानक स्थगित करने पर सवाल खड़ा किया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला अर्थात कक्षा पहली से आठवीं तक कि अर्द्धवार्षिक परीक्षा 12 से 19 दिसम्बर तक आयोजित किया जाना था, जिसके अनुसार 12 दिसम्बर को सभी कक्षाओं के एक विषय का परीक्षा सम्पन्न भी हो गया है। इसके बाद जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा 12 दिसम्बर को सायं जारी पत्र के अनुसार अपरिहार्य कारणों का हवाला देते हुए परीक्षा को अचानक स्थगित कर दिया गया है। परीक्षा प्रारम्भ होने के बाद अचानक स्थगित कर दिए जाने पर सवाल खड़ा किया जाना स्वाभाविक है। इससे हजारों विद्यार्थी, शिक्षक व पालकों की मानसिकता पर विपरीत असर पड़ता है। जनमानस में विभाग की छवि धूमिल भी होता है। इससे समय, धन व ऊर्जा का अपव्यय भी होता है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी, आसकरण धुर्वे, उग्रसेन चन्द्रवंशी, हेमलता शर्मा, केशलाल साहू, वकील बेग मिर्जा, बलदाऊ चन्द्राकर, गोकुल जायसवाल आदि पदाधिकारियों ने परीक्षा को अचानक स्थगित किए जाने के कारणों का खुलासा करने की मांग किया है।